21 जून 2025
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




भाजपा को झटका... दरभंगा विधायक मिश्रीलाल की विधानसभा सदस्यता समाप्त 4


प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध | आपकी आवाज | ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


### बिहार दौरे पर सीवान पहुंचे पीएम मोदी ने 10000 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की दी सौगात, बोले...

# पंजे-लालटेन वालों ने बिहार के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई

- पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 53 600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की
- बोले- राजद और कांग्रेस की करतूत बिहार विरोधी है

**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार दौरे पर सीवान पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी सहित बिहार कैबिनेट के तमाम मंत्री और नेता इस मौके पर मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, सीवान की ये धरती हमारे स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरक स्थली है। ये हमारे लोकतंत्र को, देश को, संविधान को ताकत देने वाली भूमि है। आज इस मंच से हजारों, करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। विकास की ये सारी परियोजनाएं बिहार को उज्ज्वल भविष्य की तरफ ले जाएगी, समृद्ध बिहार बनाएंगी। पीएम मोदी ने कहा, आप सब जानते हैं कि मैं कल ही विदेश से लौटा हूं। इस दौरे में मेरी दुनिया के बड़े-बड़े समृद्ध देशों के नेताओं से बात हुई। सारे नेता, भारत की तेज प्रगति से बहुत प्रभावित हैं। वे भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनते देख रहे हैं और इसमें बिहार की निश्चित तौर पर बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। बिहार समृद्ध होगा और देश की समृद्धि में भी बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, आपने मिलकर बिहार से जंगलराज का सफाया किया है। यहां के हमारे नौजवानों ने तो 20 साल पहले के बिहार की बदहाली सिर्फ किस्सों और कथाओं में ही सुनी है। उन्हें अंदाजा ही नहीं है कि जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। बिहार के रहने वाले हर व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी बात स्वाभिमान होता है। कठिन से कठिन परिस्थिति में काम करते हैं। लेकिन पंजे और लालटेन वालों ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई। लूट खसोट मचायी, इस कारण गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गयी, लेकिन नीतीश कुमार के साथ मिलकर बिहार को विकास की पटरी पर वापस लायी है। पीएम मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद और कांग्रेस की करतूत बिहार विरोधी है। जब भी ये लोग विकास की बात करते हैं तो लोगों को कारोबार, उद्योग धंधे, दुकान में ताले लग जाते हैं। ये कभी भी बिहार के नौजवानों के दिल में जगह नहीं बना पाएंगे। ये लोग माफियाराज, गुंडाराज और जंगलराज के पोषक रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हम कहते हैं- सबका साथ, सबका विकास, लेकिन ये लालटेन और पंजे वाले कहते हैं कि परिवार का साथ, परिवार का विकास। पीएम मोदी ने कहा कि इनकी राजनीति का कुल जमा निचोड़ यही है कि अपने हित और अपने परिवारों के विकास के लिए ये बिहार के करोड़ों परिवारों का अहित करने से भी नहीं चूकते हैं।

**राजद ने बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर के साथ दुर्व्यवहार किया:** पीएम मोदी ने कहा कि राजद ने बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर के साथ दुर्व्यवहार किया। पूरे देश में इस घटना की निंदा की गयी। ये लोग अंबेडकर को पैरों में रखते हैं लेकिन मोदी उन्हें अपने दिल में रखते हैं। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार जिस तरह से काम कर रही हैं, उससे बिहार बहुत आगे बढ़ जाएगा। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो सौगात दी है, उससे बिहारवासियों को काफी फायदा होने वाला है।



### गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री ने 400 करोड़ रुपये से अधिक की नयी वैशाली-देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया और इस मार्ग पर एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने उत्तर बिहार में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए पाटलिपुत्र से मुजफ्फरपुर व बेतिया से होते हुए गोरखपुर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रिका के गिनी गणराज्य को निर्यात के लिए मढ़ौरा संयंत्र में निर्मित अत्याधुनिक रेल इंजन को भी हरी झंडी दिखाई। यह इस कारखाने में बना पहला रेल इंजन है, जिसे निर्यात किया जाना है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार मेक इंन इंडिया का सेंटर बन रहा है। यहां के मखाना विदेशों में फेमस है। पीएम मोदी ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि बिहार में बना हुआ रेल इंजन विदेश में चलेंगी। मोदी ने बिहार के विभिन्न शहरों में 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली जलापूर्ति और स्वच्छता परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने बिहार में 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली की नींव रखी।

### लाभार्थियों को सौंपी चाबियां

प्रधानमंत्री ने नमामि गंगे परियोजना के तहत 1,800 करोड़ रुपये से अधिक लागत के छह सीवेज उपचार संयंत्रों का उद्घाटन किया, जिससे क्षेत्र के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (पीएमएवाई-यू) के 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। पीएम ने पीएमएवाई-यू परियोजना के तहत पूरे हो चुके 6,600 से अधिक मकानों के गृह प्रवेश समारोह के मौके पर कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी।

### कार्यक्रम की झलकियां







## ओडिशा सिर्फ एक राज्य नहीं, यह भारत की समृद्ध विरासत का चमकता सितारा है

**एजेंसी/भुवनेश्वर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरूआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया। वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है; यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओडिशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- ओडिशा सिर्फ एक राज्य नहीं है, यह भारत की समृद्ध विरासत का एक चमकता सितारा है। सदियों से ओडिशा ने भारतीय सभ्यता और संस्कृति को समृद्ध किया है। यही कारण है कि आज जब 'विकास और विरासत' का मंत्र भारत की प्रगति का आधार बन रहा है, तो ओडिशा की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। पिछले एक साल में ओडिशा ने विकास और विरासत दोनों के इस मंत्र को सही मायने में अपनाया है और उसे अपनाया है।

पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद दशकों तक देश के लोगों ने कांग्रेस के शासन मॉडल को देखा। उस मॉडल में सुशासन और जीवन की सुगमता, दोनों का अभाव था। विकास परियोजनाओं में देरी, उन्हें पटरी से उतारना और उनका कुप्रबंधन, घोटाले, भ्रष्टाचार, ये कांग्रेस के विकास मॉडल की पहचान थी। लेकिन हाल के वर्षों में देश ने भाजपा के विकास मॉडल को व्यापक स्तर पर देखा है।

### विनम्रतापूर्वक ट्रंप के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया

सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ दिन पहले, मैं कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने गया था। जब मुझे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आया, जिन्होंने मुझे वाशिंगटन आने के लिए आमंत्रित किया। मैंने उनके निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया, साथ ही मैंने कहा कि मुझे महाप्रभु की पवित्र भूमि पर वापस जाने की आवश्यकता है। पूरे सम्मान के साथ, मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

## बिहार को न पॉकेटमार पीएम चाहिए न अचेत सीएमः तेजस्वी

- बोले तेजस्वी- पीएम मोदी की एक रैली में 100 करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं, बिहार जैसे गरीब राज्य से भाजपा देश की सबसे अमीर पार्टी होने के बावजूद खर्चा करवाती है

**केटी न्यूज/पटना**



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जबरदस्त और तीखी बयानबाजी की है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि बिहार को ना पॉकेटमार प्रधानमंत्री चाहिए और ना ही अचेत मुख्यमंत्री। तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के भाषण को घिसा-पिटा और टेलीप्रॉम्पटर आधारित बताते हुए कहा कि उसमें कोई नया कंटेंट नहीं था। तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा कि सीवान को आपने 10 साल में क्या दिया, सिर्फ भाषण से तो किसी का पेट नहीं भरता। तेजस्वी यादव ने कहा कि भीड़ को प्रशासनिक दबाव और सरकारी संसाधनों से जबरदस्ती जुटाया गया। तेजस्वी यादव ने पीएम की सभा पर होने वाले खर्च पर भी सवाल उठाया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक रैली में 100 करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। बिहार जैसे गरीब राज्य से भाजपा देश की सबसे अमीर पार्टी होने के बावजूद खर्चा करवाती है।

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हेलीकॉप्टर से 5 बार सीवान आए, ये खर्च किसका था? बिहार की जनता का पैसा भाजपा के प्रचार में क्यों लग रहा है? तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के भाषण में रेलवे इंजन का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी जिस रेल इंजन की बात कर रहे थे, वो लालू यादव के बनवाए कारखाने से निकलता है। इस पर वाहवाही लेना शर्मनाक है।

## अवध-असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरायी, एक की मौत

**केटी न्यूज/पटना**



कटिहार-बरौनी रेलखंड पर शुक्रवार को एक भीषण रेल हादसा हो गया। यह दुर्घटना काढागोला और सेमापुरी स्टेशन के बीच महारानी गांव के पास उस समय हुई जब बरौनी से कटिहार की ओर आ रही 15910 अवध-असम एक्सप्रेस ट्रेन की रेलवे ट्रॉली से आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक ट्रॉलीमैन की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए और वहां मौजूद कर्मचारियों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। घटना सोनपुर रेल मंडल क्षेत्र की है, लेकिन यह क्षेत्र कटिहार रेल मंडल की सीमा से सटा हुआ है। कटिहार रेल मंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने हादसे की प्रारंभिक पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही कटिहार से मेडिकल टीम को तत्काल रवाना कर दिया गया। फिलहाल सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही सभी रेल कर्मियों को ट्रैक पर काम करते समय अधिकतम सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हादसे के कारण इस रूट पर कुछ समय के लिए ट्रेन परिचालन भी बाधित रहा, जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

## पुणे से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की विमान से टकराया पक्षी, बड़ा हादसा टला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली से पुणे जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में शुक्रवार को पक्षी टकरा गया। इस वजह से एयरलाइन को अपनी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और पक्षी टकराने का पता पुणे में उतरने के बाद चला। एयरलाइन ने कहा कि विमान को आगे की यात्रा के लिए रोक दिया गया। इंजीनियरिंग टीम की ओर से विमान की व्यापक जांच की जा रही है। एयरलाइन ने कहा, 20 जून को पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एआई-2470 को पक्षी टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है, जिसका पता आने वाली फ्लाइट के पुणे में सुरक्षित उतरने के बाद चला। एयरलाइन ने यह भी कहा कि यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पैसों की वापसी या यात्रा को फिर से निर्धारित करने वाले विकल्प की पेशकश की जा रही है।

## दिल्ली सरकार ई बसों की संख्या बढ़ाकर 5000 करेगी

**एजेंसी/दिल्ली**

दिल्ली सरकार राजधानी की सड़कों पर ई बसों की संख्या बढ़ाकर वायु प्रदूषण को कम करने की योजना पर काम कर रही है। सरकार की योजना है कि इस साल के अंत तक बैटरी चलित ई बसों की संख्या बढ़ाकर 5000 कर दी जाए। इससे लोगों को आवागमन के लिए सस्ता-सुलभ साधन उपलब्ध होगा, साथ ही इससे वायु प्रदूषण से निपटने में भी मदद मिलेगी।

इस महीने 150 नई ई बसों को सड़कों पर उतारने की योजना है। एक नई पहल के अंतर्गत दिल्ली के उन गैर परंपरागत रूट्स पर भी ई बसें चलाई जा रही हैं जहां से अब तक डीटीसी बसों का संचालन नहीं होता था। जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए नए रूट्स की पहचान कर उन पर बसें चलाई जा रही हैं। 109 नए रूट्स की पहचान की गई है। इन पर भी देवी बसें चलाने की तैयारी है। डीटीसी बसों का संचालन दिल्ली सरकार के लिए हमेशा से महंगा सौदा साबित हुआ है।

शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल से लेकर आतिशी मारलेना तक डीटीसी बसों का संचालन हमेशा घाटे में ही रहा है। अरविंद केजरीवाल सरकार में कई वर्गों को मुफ्त आवागमन की सुविधा देने से यह घाटा और अधिक बढ़ता गया। अब दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार इसे लाभ में लाने की रणनीति बनाकर आगे बढ़ रही है। सरकार मुफ्त संचालन की सुविधा जरूरतमंद वर्गों को देना जारी रखेगी। इसके लिए महिलाओं-बुजुर्गों को विशेष कार्ड दिए जाने की तैयारी है। लेकिन घाटे को पूरा करने के लिए डीटीसी बसों पर निजी संस्थानों-कंपनियों के प्रचार के माध्यम से पैसा उगाहने की तैयारी है।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर किया पलटवार

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहती कि गरीब का बच्चा अंग्रेजी सीखे

**एजेंसी/नई दिल्ली**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें और बराबरी करें। उन्होंने यह भी कहा कि हमें प्रत्येक बच्चे को अंग्रेजी सिखानी चाहिए क्योंकि आज के दौर पर जितनी हिन्दी मातृभाषा जरूरी है, उतनी ही अंग्रेजी भाषा भी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि अंग्रेजी बांध नहीं पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं- जंजीरें तोड़ने का औजार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते कि भारत का गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें और बराबरी करें। राहुल गांधी ने ये भी कहा कि आज की दुनिया में अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी और आत्मविश्वास बढ़ाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे। प्रत्येक बच्चे को बराबरी का मौका दे।

ज्ञात हो कि गुरुवार को एक किताब के विमोचन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि मैं जो कहता हूं उसे याद रखें और मेरी बात ध्यान से सुनें। वह समय दूर नहीं जब इस देश में अंग्रेजी बोलने वाले लोगों को शर्म महसूस होगी। हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। उनके बिना हम भारतीय नहीं हैं...विदेशी भाषा के साथ भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।




# बड़ी कार्रवाईः अर्जुन यादव हत्याकांड मामले में चार अपराधी गिरफ्तार

- एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, मामले में साजिशकर्ता व शूटर भी धराए
- इनके पहले दो अपराधी जा चुके हैं जेल



**केटी न्यूज/बक्सर**

राजद नेता अर्जुन यादव हत्याकांड में बक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस बहुचर्चित मामले में संलिप्त चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने इस कांड में शामिल एक नाबालिग समेत दो अभियुक्तों को पकड़ जेल भेज चुकी है। इस प्रकार अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। उक्त आशय की जानकारी एसपी शुभम आर्य ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी।

एसपी ने बताया कि 26 मई को चौसा पॉवर प्लांट के समीप कुछ अज्ञात हमलावरों ने राजद नेता अर्जुन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस वारदात से जिले में सनसनी फैल गई थी। मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर आठ नामजद तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**पुलिस कप्तान ने गठित की विशेष टीम :** घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्परता दिखाते हुए एक विशेष टीम का गठन किया, जिसे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का जिम्मा सौंपा गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जयपुर, थाना ईटाढ़ी निवासी तुफानी कुमार गुप्ता और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वहीं, पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी।

**तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मिली सफलताः** पुलिस टीम ने छानबीन के क्रम में तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर 19 जून को चार और अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान सभी ने इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बनारपुर निवासी मनोरंजन कुमार पांडेय उर्फ राजा पांडेय, इटाढ़ी थाना के शुक्रवालिया निवासी बीरू उपाध्याय उर्फ अजय कुमार उपाध्याय, राजपुर थाना के इटवा निवासी अभिषेक कुमार राय उर्फ भोलू व इटाढ़ी थाना क्षेत्र के शुक्रवालिया निवासी गोलू उपाध्याय उर्फ देव उपाध्याय शामिल है।

**घटना में प्रयुक्त पांच मोबाइल फोन बरामदः** पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त पांच मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जो इस केस की विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य माना जा रहा है। तकनीकी विश्लेषण के लिए मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा।

**पुलिस की सतत कार्रवाई जारी :** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी लगातार जारी है। सभी संभावित ठिकानों पर निगरानी रखी जा रही है और शीघ्र ही शेष अभियुक्तों को भी न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

## अब बायोमिट्रिक हाजिरी से ही मिलेगा सदर अस्पताल के चिकित्सकों व कार्मियों का वेतन



बक्सर। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मियों का वेतन अब बायोमेट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही मिलेगा। सीएस डॉ. शिव कुमार प्रसाद चक्रवर्ती ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। अपने पत्र में सीएस ने जिक्र किया है कि पूर्व में सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों व कर्मियों को बायोमेट्रिक के साथ ही भौतिक (रजिस्टर पर) रूप से हाजिरी बनाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. आरके गुप्ता ने सीएस को जानकारी दी है कि सदर अस्पताल के डॉक्टर व कर्मी सिर्फ बायोमेट्रिक हाजिरी ही बना रहे है, वे भौतिक रूप से हाजिरी नहीं बनाते है। जिसके बाद सीएस ने निर्णय लिया है कि सदर अस्पताल के चिकित्सक एवं कर्मी के वेतनादि का भुगतान सिर्फ बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया है कि चिकित्सकों व कर्मियों के वेतन भुगतान के लिए सिर्फ बायोमेट्रिक अटेंडेंस के आधार पर ही संचिका प्रस्तुत किया जाए। सीएस के इस आदेश के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

### डीएम ने किया नावानगर प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा, बोले...

# अभियान बसेरा के 52 लाभुकों को एक माह के अंदर दें बासगीत पर्चा

- निलाम पत्र के मामले में जिले के बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए नोटिस कर राशि वसूली करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह ने नावानगर प्रखंड में प्रखंड स्तरीय कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान डुमरांव एसडीएम राकेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव, नावानगर के बीडीओ, सीओ व मनरेगा डीपीओ एवं संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, मनरेगा, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सांख्यिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग आदि की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया।

**52 भूमिहीन परिवारों को बासगीत पर्चा देने का डीएम ने दिया निर्देशः** जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में पूर्व से चयनित 52 भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए अंचलाधिकारी को अविलंब बासगीत पर्चा देने का निर्देश दिया गया। वहीं, प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत लाभुकों को चरणवार राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही राशि उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की अनियमितता व अवैध रूप से लाभुक बन राशि लेने वाले लोगों पर नजर रखने एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने नावानगर सीओ को निर्देश दिया कि अभियान बसेरा अंतर्गत सर्वेक्षित योग्य परिवारों को एक माह के अंदर भूमि का पर्चा दिलाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नीलाम पत्र वाद के अंतर्गत दायर मामलों में बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए नोटिस कर राशि वसूली करने का निर्देश दिया गया।

**ससमय पूर्ण कराए निर्माणाधीन पांचायत सरकार भवन का निर्माण कार्यः** जिलाधिकारी ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के आलोक में ससमय कार्रवाई करने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया।

वहीं, जिलाधिकारी ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को अनुरक्षकों का मानदेय भुगतान करने एवं निमार्णाधीन पंचायत सरकार भवन का अनुश्रवण कर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन पंचायतों के विकास के लिए जरूरी है। इससे लोगों को अपने कार्यों के निष्पादन के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है, वहीं पंचायत स्तरीय कर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों को भी अपने कार्यों के निष्पादन के लिए एक निश्चित जगह मिल जाती है, जहां उनके लिए पेयजल, बिजली, शौचालय सहित कई अन्य आधुनिक सुविधाएं मौजूद रहती है। जिससे पंचायत के कार्यों के निष्पादन में तेजी आती है।

**अविलंब चालू कराए सभी बंद नलकूप :** कृषि के क्षेत्र के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को यह जानकारी मिली कि प्रखंड अंतर्गत 10 नलकूप बंद पड़े है, जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी को लघु सिंचाई प्रमंडल से समन्वय स्थापित कर एक माह के अंदर मरम्मती कराकर सभी बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड अंतर्गत मॉडल कृषि फार्म विकसित कराने का निर्देश दिया गया।

**सीएचसी में बढ़ाए ओपीडी की संख्या :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नावानगर के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को अस्पताल में पर्याप्त दवा की उपलब्धता के साथ-साथ ओपीडी की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सीएचसी को को कायाकल्प, लक्ष्य एवं एनरक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्ति के लिए कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया गया।

वहीं, दूसरी ओर जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को प्रखंड मुख्यालय में आवास रखने तथा कार्यालय में ससमय उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो कर्मी समय से नहीं आएंगे तथा आम जनता के कार्यों के निष्पादन में दिलचस्पी नहीं दिखाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा।

## एक नजर

### बक्सर में रेलिंग तोड़ गंगा में गिरी स्कॉर्पियो

**बक्सर।** बक्सर में गंगा नदी पर बने पुल के रेलिंग को तोड़ एक स्कॉर्पियो गंगा में समा गई है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में अफरा तफरी मच गई। मौके पर सदर एसडीएम तथा नगर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह समेत कई थानों की पुलिस और प्रशासन के कई अन्य अधिकारी पहुंच राहत व बचाव कार्य में जुट गए हैं।घटना रात आठ बजे बक्सर के वीर कुंवर सिंह सेतु के बगल में स्थित पुराने पुल का है। फिलहाल गंगा में गिरी स्कॉर्पियो का कुछ पता नहीं चल पाया है तथा इस बात की जानकारी भी नहीं मिल पाई है कि स्कॉर्पियो में कितने लोग सवार थे तथा वह कहां से कहां जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार एक काले रंग की स्कॉर्पियो यूपी की तरफ से पुराने पुल के सहारे बक्सर की तरफ आ रही थी। वाहन का स्पीड बहुत अधिक था तथा अचानक चालक संतुलन खो दिया और रेलिंग से टकरा गई। इस दौरान स्कॉर्पियो रेलिंग को तोड़ते हुए गंगा में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल अभी इस मामले में कोई कुछ जानकारी नहीं दे पा रहे है। हालांकि प्रशासन द्वारा गंगा में गिरे स्कॉर्पियो की तलाश की कवायद शुरू करवा दी गई है।



### बारिश में ही जलमग्न हुई डुमरांव की मुख्य सड़क

**डुमरांव।** शुक्रवार को हुई हल्की बारिश में ही डुमरांव की मुख्य सड़क स्टेशन रोड जलमग्न हो गई है। जिस कारण वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्टेशन रोड में विष्णु मंदिर से लेकर राज हाई स्कूल के खेल मैदान के सामने तक करीब आधा दर्जन जगहों पर जलजमाव हो गया था। जिस कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हल्की बारिश के बाद मुख्य सड़क पर जलजमाव देख शहरवासियों की चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि हल्की बारिश में ही मुख्य सड़क पर इस कदर जलजमाव हो गया तो भारी बारिश होने पर क्या स्थिति होगी। बता दें कि अभी बरसात की शुरूआत ही है तथा एक भी जोरदार बारिश नहीं हुई है। बावजूद विष्णु मंदिर, लालगंज कड़वी, नगर परिषद कार्यालय के समीप तथा राज हाई स्कूल के खेल मैदान के मुख्य निकास सहित कई अन्य जगहों पर जलजमाव देखने को मिला।

### नुक्कड़ नाटक के द्वारा पशुओं के इलाज के लिए आम जन को किया गया जागरूक

**केसठ।** स्थानीय प्रखंड मे पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय स्थित वेटनरी हॉस्पिटल में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। पटना से आई टीम ने नाटक के माध्यम से पशुओं में होने वाली बीमारी, बचाव और उसके ईलाज के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए गांव मे झोलाछाप डॉक्टरों से पशुओ का ईलाज नही कराने की सलाह दी गई। इस अवशर पर यह भी बताया गया कि सरकार पशुओं के ईलाज के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट प्रखंड केसठ में उपलब्ध है। इसके लिए मोबाइल नम्बर 1962 पर कॉल करके पशुपालक इसकी सूचना डॉक्टर को देकर ग्रामीण अपने पाशुओ का ईलाज करा सकते है।बहुत सारे ग्रामीणों ने इस नाटक का आनंद लिया।

### जर्जर सड़कों से गांव में प्रवेश करना हुआ दुस्वार

**डुमरांव।** नगर परिषद में शामिल होने के बाद का सपना जो नयाभोजपुर के लोगों ने देखा था, उसे पूरा होते नहीं देख उनके जीवन में उथल-पुथल मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि गांव जब पंचायत में था, तो हमारी बातें सुनी जाती थी, अब नहीं सुनी जाती है। गांव में प्रवेश करने के लिये दो मुख्य रास्ते हैं, लेकिन दोनों की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। गड्ढों में तब्दिल इस रोड में वाहन तो छोड़ पैदल चलना भी मुश्किल है। मालूम हो कि इसी नयाभोजपुर में राजा भोज का किला मौजूद है, जिसे देखने के लिये पर्यटक आते रहते हैं। बावजूद इस गांव के विकास के लिये सरकारी स्तर पर कुछ नहीं किया जा सका है। वर्षों से जर्जर सड़क को बनाने की मांग ग्रामीण करते रह गए, लेकिन नहीं बना।

## मुरार में महिला से 30 हजार रुपये की छिनतई, घटना को संदेहास्पद मान रही पुलिस

**केटी न्यूज/चौगाईं**

मुरार थाना क्षेत्र में एक महिला से 30 हजार रूपए की छिनतई का मामला सामने आया है। महिला का कहना है कि मर्सिया से आगे तीन फेड़वा के पास दोपहर करीब दो बजे चौगाईं की तरफ से आ रहे तीन नकाबपोशों ने उसका गला पकड़ चेहरा व आंख ढंग दिया तथा प्लास्टिक बैग में रखे रूपयों को छिन चौगाईं की तरफ भाग निकले।

पीड़िता दंगौली गांव निवासी सुनील राम की पत्नी रामसवरनो देवी का कहना है कि वह ग्रामीण बैंक के सीएसपी से 10 हजार व बैंक से 20 हजार रूपए समेत कुल 30 रूपए की निकासी कर पैदल ही घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान मसर्हिया से आगे बढ़ने पर तीन फेड़वा के पास नकाबपोशो ने उसके साथ इस घटना को अंजाम दिया है।

**बैंक में नहीं मिले है महिला के फुटेजः** हालांकि पुलिस इस घटना को संदेहास्पद मान रही है। महिला ने जो दावे किए है, पुलिस जांच में उसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के निर्देश पर मुरार थानाध्यक्ष अमन कुमार तत्काल इसकी जांच करने चौगाईं स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा में पहुंचे, लेकिन वहां घंटो फुटेज खंगालने के बाद भी उसमें कही महिला दिखाई नहीं पड़ी। जाहिर है, वह बैंक में आई ही नहीं थी। ऐसे में उसके साथ छिनतई की घटना हास्यास्पद बन गई है। हालांकि, पुलिस मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है कि आखिर किन परिस्थितियों में महिला ने ऐसे संगीन आरोप लगाए है। गौरतलब हो कि महिला का पति विदेश में रहकर नौकरी करता है।

## पुलिस ने किया भंडाफोड़ः ट्रैक्टर ट्रॉली में स्पेशल तहखाना बना हो रही थी तस्करी, हिरासत में एक

**केटी न्यूज/चौसा**



गुरूवार की रात मुफस्सिल थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के चौसा यादव मोड़ के पास से शराब लदी एक टैज्क्टर के साथ ही तस्करी के आरोप में एक नाबालिग को पकड़ा है। उक्त टैज्क्टर में बनाए गए स्पेशल तहखाने में विदेशी शराब की पेटिया छिपाई गई थी। पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर मिली है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार की रात सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर के जरिए यूपी से शराब की खेप की जिले में आ रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना की टीम ने यादव मोड़ पर जांच के तहत एक ट्रैक्टर को रोका। जांच के दौरान ट्रॉली में एक खास तहखाना मिला, जिसमें विदेशी शराब के कई दर्जन कार्टन छुपाकर रखे गए थे। छापेमारी में कुल 336.48 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। जिसकी कीमत लाखों रूपए आंकी गई है।

ट्रैक्टर चला रहा युवक नाबालिग निकला, जिसे हिरासत में लेकर बाल सुधार गृह भेजने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस का कहना है कि यह शराब तस्करी का सुनियोजित प्रयास था और इसमें बड़े शराब तस्करों का हाथ होने की संभावना है। थानाध्यक्ष शम्भू भगत ने बताया कि ट्रैक्टर के रजिस्टेज्शन नंबर व नाबालिग से पूछताछ के आधार पर तस्करों का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। बरामद शराब व ट्रैक्टर को जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## शराब पीकर कार से घुमने निकले चार शोहदे गिरफ्तार, कार जब्त

**डुमरांव।** शराब पीकर कार से घुमने निकले चार शोहदों को डुमरांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के उड़ियानगंज गांव निवासी कृष्णा कुमार, सरवन कुमार, छोटू कुमार व रविन्द्र कुमार नामक युवक शुक्रवार की सुबह जमकर शराब का सेवन किए और जब शुरूर चढ़ा तो एक कार लेकर घुमने निकल गए। वे घुमते हुए डुमरांव के छठिया पोखरा तक चले आए थे, लेकिन उनके संदिग्ध हरकतों को देख किसी ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें पकड़ मेडिकल जांच कराया जहां शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उनकी कार को जब्त कर, उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डुमरांव के प्रभारी थानाध्यक्ष मतेन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है।




### चौसा में किसान सभा आज, जुटेंगे राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत समेत कई दिग्गज

# सभा के जरीए आंदोलन को बल देंगे किसान

- प्रशासन मुश्तैदः चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिस के जवान

**केटी न्यूज/चौसा**



चौसा में आंदोलनकारी किसानों द्वारा शनिवार को किसान सभा सह धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता राकेश टिकैत, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह समेत राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कई किसान नेताओं का जुटान होगा, वहीं हजारों की संख्या में किसान भी इस सभा में उपस्थित हो अपने हक की आवाज को बुलंद करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार इस धरने में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ सांसद सुधाकर सिंह, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, युवा हल्ला बोल के अध्यक्ष अनुपम, पूर्व मंत्री अखलाक अहमद, भारतीय किसान यूनियन बिहार के प्रभारी दिनेश कुमार और किसान सभा के नेता अशोक प्रसाद सिंह जैसे कई अन्य प्रमुख नेता भी मंच साझा करेंगे।

प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह यादव ने इस संबंध में बताया कि यह आंदोलन किसानों और मजदूरों की 11 सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण के बदले चार गुना मुआवजा, एसटीपीएल कंपनी में मजदूरों के लिए बोर्ड रेट पर मजदूरी, ओवरटाइम का डबल भुगतान, रैयतों को आपातिक लाभ, बेदखल भूमिहीनों को आवास हेतु जमीन, और परियोजना प्रभावित परिवारों के बच्चों को रोजगार शामिल हैं।

वहीं, दूसरी तरफ प्रशासनिक मंजूरी के बाद पुलिस प्रशासन भी इस सभा को लेकर पूरी तरह एलर्ट मोड में है। जिसकी तैयारी में अतिरिक्त पुलिस बल चौसा पहुंच गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रशासन मुश्तैद रहेगा। इस दौरान थर्मल पॉवर को नुकसान पहुंचाए जाने या फिर कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ प्रशासन सख्त कदम भी उठा सकती है।

## नकली पाइप बेच रहा था दुकानदार, केस दर्ज

कृष्णाब्रह्म। स्थानीय थाना क्षेत्र के कठार रोड में एक दुकानदार द्वारा सुप्रीम कंपनी के नाम पर नकली वॉटर पाइप बेचा जा रहा था, कंपनी के फील्ड अफसर के बयान पर इस मामले में नकली पाइप की बिक्री करने वाले दुकानदार पटेल कुमार के खिलाफ कृष्णाब्रह्म थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में फील्ड अफसर विशाल मंडल ने जिक्र किया है कि कृष्णाब्रह्म के कठार रोड में स्थित अनिल पाइप एण्ड सेनेटरी दुकान में स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में फील्ड अफसर द्वारा गुरूवार की शाम छापेमारी की गई जहां दुकान से सुप्रीम कम्पनी के नाम पर 36 पीस नकली वॉटर पाइप बरामद किया गया। फिल्ड अफसर का कहना है कि दुकानदार के इस कृत्य से कंपनी को राजस्व की क्षति हो रही थी।

# सूबे में केंद्र सरकार ने दी 33464 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

- बिहार को मिला सड़क निर्माण में बड़ा तोहफा
- सूबे में जल्द 18 रेलवे ओवर ब्रिज का भी होगा निर्माण
- गंडक नदी पर बगहा व पतजीरवा में दो पुल का होगा निर्माण

**केटी न्यूज/पटना**

राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को जानकारी दी कि बिहार में कुल 875 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 33,464 करोड़ रुपये की लागत से 52 परियोजनाओं को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार हुआ है जब एक वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार द्वारा राज्य को इतनी बड़ी राशि की सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**गंडक और कमला नदी पर बनेंगे तीन बड़े पुल :** मंत्री नवीन ने बताया कि स्वीकृत परियोजनाओं के तहत गंडक नदी पर बगहा और पतजीरवा में दो और कमला नदी पर एक बड़े पुल का निर्माण किया जाएगा। इन पुलों के निर्माण से आमजन को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और परिवहन व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा। इससे जाम की समस्या से निदान मिलेगा।



**380 किलोमीटर सड़कें होंगी फोर लेन में चौड़ी :** मंत्री नितीन नवीन ने बताया कि स्वीकृत 875 किलोमीटर लंबाई में से 380 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों को फोर लेन में विकसित किया जाएगा।

**इसमें प्रमुख मार्गों में शामिल हैं:**

राम जानकी मार्ग,बरियारपुर से देवघर सीमा तक, अरवल-जहानाबाद-बिहारशरीफ, बेतिया-बगहा मार्ग अन्य मार्गों का होगा दो लेन में उन्नयन इसके अलावा, निम्न मार्गों का पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में चौड़ीकरण किया जाएगा। सीतामढ़ी-चिरांद,समस्तीपुर-दरभंगा हरिहरगंज औरंगाबाद-नौबतपुर, बरबीघा-जमुई-बांका-ढाका मोड़ तक निर्माण होगा।

**18 आरओबी का भी होगा निर्माण**

मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 18 रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण भी शामिल है, जिससे यातायात और सुरक्षित होगा।वीन ने बताया कि दिनांक 7 मई 2025 को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में प्रस्तुत योजनाओं को 2025-26 की कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार और मंत्री गडकरी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार के कारण बिहार आज तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। बिहार में सड़क ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 33,464 करोड़ रुपये की लागत से 52 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने शुक्रवार को जानकारी दी। यह चुनाव से पूर्व लोकलुभान योजाएं मानी जा रही है।

# पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने पर सिपाही बर्खास्त

**दरभंगा।** जिला पुलिस बल के सिपाही धनंजय कुमार (सिपाही संख्या 1434) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने यह कार्रवाई पहली पत्नी की शिकायत पर की है, जिसमें धनंजय पर पहली शादी के रहते दूसरी शादी करने का गंभीर आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ता काजल कुमारी ने एसएसपी को दिए आवेदन में बताया कि उसकी शादी धनंजय कुमार से 31 जनवरी 2023 को हुई थी। शादी के कुछ महीनों बाद ही धनंजय का व्यवहार बदल गया। इसी दौरान 28 अप्रैल को उसे जानकारी मिली कि धनंजय ने दरभंगा कोर्ट में स्नेहा कुमारी से दूसरी शादी कर ली है। इसका विरोध किया, तो पति के बड़े भाइयों संतोष कुमार और सूरज कुमार ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। थक हारकर काजल कुमारी ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी ने मामले की जांच का जिम्मा पुलिस अधिकारी नयन कुमार को सौंपा। जांच 25 अप्रैल को शुरू हुई और रिपोर्ट में पुष्टि हुई।

### एमपी-एमएलए विशेष अदालत ने सुनाई गई सजा के आधार पर दिया निर्णय

# भाजपा को झटका... मिश्रीलाल की विधानसभा सदस्यता समाप्त

- दरभंगा व्यवहार न्यायालय ने विधायक को धारा 506 के तहत दो साल की सजा और 1 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है

**केटी न्यूज/दरभंगा**

बिहार की राजनीति में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। बीजेपी के विधायक मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। विधानसभा सचिवालय ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। यह कार्रवाई दरभंगा स्थित एमपी-एमएलए विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई सजा के आधार पर की गई है। अदालत ने मिश्रीलाल यादव को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी सदस्यता को 27 मई 2025 से प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया गया। विधानसभा सचिवालय ने संविधान और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेशों के तहत यह कदम उठाया है। अब



मिश्रीलाल यादव विधायक नहीं रहेंगे, और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र (जिसकी जानकारी विस्तृत अधिसूचना में होगी) को रिक्त घोषित कर दिया गया है। इस फैसले से बिहार की सियासत में हलचल मच गई है।

**बीजेपी के लिए यह एक राजनीतिक झटका :** भारतीय जनता पार्टी के विधायक मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। यह फैसला विधायक को आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लिया गया है। वर्तमान में विधायक दरभंगा मंडल कारा में न्यायिक सजा भुगत रहे हैं। दरअसल, 27 मई 2025 को दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में एडीजे-3 सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने विधायक को धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दो साल की सजा और 1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। यह मामला उमेश मिश्र द्वारा दायर एक पुराने मारपीट मामले से जुड़ा है।यह मामला रैयाम थाना कांड संख्या 04/19 से संबंधित है। शिकायतकर्ता उमेश मिश्र ने 30 जनवरी 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह 29 जनवरी को सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान गोसाईं टोल के पास पहुंचा, तभी पूर्व दिशा से आए मिश्रीलाल यादव, सुरेश यादव और अन्य 20-25 लोग हथियारों से लैस होकर उसे घेर लिए। शिकायत में कहा गया कि मिश्रीलाल यादव ने फरसे से सिर पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा। सुरेश यादव ने रॉड और लाठी से मारपीट की और पॉकेट से 2300 भी निकाल लिए। इलाज पहले केवटी पीएचसी और बाद में डीएमसीएच में हुआ। अनुसंधान के बाद 12 अक्टूबर 2019 को चार्जशीट दाखिल की गई और 17 अप्रैल 2020 को कोर्ट ने संज्ञान लिया। पूरे ट्रायल के बाद कोर्ट ने मिश्रीलाल यादव को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

**सजा के बाद रद्द हुई सदस्यता**

सजा के बाद बिहार विधानसभा के अध्यक्ष ने मिश्रीलाल यादव की विधानसभा सदस्यता रद्द करने का आदेश जारी किया, जिसकी अधिसूचना प्रभारी सचिव ख्याति सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई। इससे पहले भी इस मामले में विधायक को तीन महीने की सजा और 500 जुर्माना दिया गया था।

# बिहार में सरकारी स्कूलों का नया टाइम टेबल जारी

**पटना।** शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश में गर्मी की छुट्टी के बाद सभी सरकारी स्कूल आगामी 23 जून से खुल जाएंगे। स्कूलों में गर्मी की छुट्टी से पहले नया टाइम टेबल जारी किया है। आगामी 23 जून से सभी स्कूल बदले हुए टाइम टेबल पर संचालित किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी प्रारंभिक, माद्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों का संचालन सुबह 9:30 बजे से शाम 04:00 बजे तक किया जाएगा।







# जांच में हुआ खुलासा... सहरसा सदर अस्पताल में 38 लाख की अवैध निकासी

**केटी न्यूज/सहरसा**

सहरसा के सदर अस्पताल में 38 लाख रुपये की कथित अवैध निकासी का गंभीर मामला सामने आया है, जिसने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। अस्पताल प्रबंधक और लेखपाल पर बिना आधिकारिक हस्तांतरण के राशि निकालने का आरोप है। इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग हो रही है। सहरसा सदर अस्पताल में वित्तीय अनियमितता का गंभीर मामला उस वक्त उजागर हुई है जब वर्तमान प्रभारी अधीक्षक डॉ. एस.के. आजाद ने लेखा सहायक अभिषेक कुमार से कैश बुक और लेजर की मांग की।

डॉ. आजाद ने पूर्व अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. एस.पी. विश्वास से विधिवत हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया पूरी की थी। हालांकि, सिविल सर्जन सह जिला स्वास्थ्य समिति की सदस्य सचिव डॉ. कात्यायनी मिश्रा ने उपाधीक्षक के पद को समाप्त कर डॉ. आजाद से वित्तीय प्रभार छीन लिया और उन्हें केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान अस्पताल प्रबंधक और लेखपाल की मिलीभगत से 38 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली गई।डॉ. आजाद को बार-बार कैश बुक और लेजर न देने पर शक




हुआ, जिसके बाद खुलासा हुआ कि बिना उनके हस्ताक्षर के इतनी बड़ी राशि निकाली गई, जो राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा-निदेशों का उल्लंघन है। इन दिशा-निदेशों के अनुसार, उपाधीक्षक के हस्ताक्षर के बिना कोई निकासी नहीं हो सकती।

यह सवाल उठ रहा है कि हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया पूरी होने से पहले प्रबंधक और लेखपाल ने इतनी बड़ी राशि कैसे निकाल ली। यह मामला संदिग्ध होने के साथ-साथ जांच का विषय बन गया है। जिलेवासियों की नजर अब जिला प्रशासन पर टिकी है कि इस गंभीर वित्तीय अनियमितता पर क्या कार्रवाई की जाती है। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग हो रही है। इस बात की बात उठ रही है कि इस जांच में और भी कई तथ्य सामने आ सकता है।

# नहर में गिरी तेज रफ्तार ब्रेजा कार, गाड़ी से शराब की बड़ी खेप बरामद

**अरवल।** सदर थाना क्षेत्र के प्रसादी इंग्लिश के पास सामने आया, जहां एक ब्रेजा कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उत्पाद विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पलटी हुई कार की तलाशी ली, जिसके दौरान कार से 2,496 टेट्रा पैक में करीब 449 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कई बोतलें नहर में भी बिखर गई थीं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। प्राथमिक जांच से पता चला है कि यह शराब एक संगठित तस्करी नेटवर्क के तहत ले जाई जा रही थी। हादसे के बाद कार में सवार शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। उत्पाद निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कार को जब्त कर थाना परिसर लाया गया, जहां शराब की गिनती और जांच की गई।

### भागलपुर में वार्ड 40 के पार्षद मोहम्मद बदरूद्दीन को पद से हटाया गया

# दो बच्चों के जन्म में सिर्फ चार महीने का अंतर, हलफनामे में गलत जानकारी देना पड़ा भारी

- रेडियोलॉजी व डेंटल विभाग की रिपोर्ट के आधार पर बच्चों की उम्र 13 और 14 वर्ष के करीब आंकी गई

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देना एक जनप्रतिनिधि को भारी पड़ गया। भागलपुर में वार्ड 40 के पार्षद मोहम्मद बदरूद्दीन को गलत शपथ पत्र देने और दो बच्चों के जन्म में केवल चार महीने का अंतर दिखाने के आरोप में पद से हटा दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में डीएम को निर्देश दिया है कि वे नियमानुसार कार्रवाई करें। दरअसल, यह मामला नजमा खातून की शिकायत पर शुरू हुआ, जिन्होंने




आरोप लगाया कि मो. बदरूद्दीन के पास 4 अप्रैल 2008 से पहले ही दो से अधिक संतान थीं, जो नियमों के विरुद्ध है। सुनवाई के दौरान नजमा खातून के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि बदरूद्दीन की कुल चार संतान हैं। मोहम्मद बदरूद्दीन ने अपने नामांकन के दौरान जो दस्तावेज प्रस्तुत किए, उसमें उन्होंने केवल दो बच्चों–मो. सहवाजुद्दीन और मो. अजीजुद्दीन का उल्लेख किया। इन दोनों की जन्मतिथि क्रमशः 27 अगस्त 2007 और 1 जनवरी 2008 दिखाई गई, जिससे उनके बीच केवल चार महीने का अंतर बनता है, जो जैविक रूप से असंभव है। सुनवाई में आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिनसे यह प्रमाणित हुआ कि बदरूद्दीन के परिवार में चार संतानें हैं और उन्होंने जानबूझकर गलत जानकारी देकर चुनाव लड़ा हालांकि, प्रतिवादी के अधिवक्ता ने दावा किया कि अंतिम संतान की जन्मतिथि के साथ छेड़छाड़ की गई है, और रेडियोलॉजी व डेंटल विभाग की रिपोर्ट के आधार पर बच्चों की उम्र 13 और 14 वर्ष के करीब आंकी गई। निर्वाचन आयोग ने यह निष्कर्ष निकाला कि मो. बदरूद्दीन ने 4 अप्रैल 2008 के बाद भी दो से अधिक जीवित संतानें होने की बात छुपाई और गलत शपथ पत्र देकर वार्ड पार्षद का चुनाव जीता। इस आधार पर उन्हें पदमुक्त कर दिया गया है और आगे की विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकाला कि बदरूद्दीन ने 4 अप्रैल 2008 के बाद भी दो से अधिक जीवित बच्चों की जानकारी छुपाकर गलत हलफनामा दाखिल किया और चुनाव जीता।



## संक्षिप्त समाचार

### आइआइटी ने रूस की यूनिवर्सिटी के साथ शुरू किया समर विंटर स्कूल प्रोग्राम

**धनबाद, एजेंसी।** आइआइटी आइएसएम ने सेंट पीटर्सबर्ग माइनिंग यूनिवर्सिटी, रूस के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय समर-विंटर स्कूल कार्यक्रम की शुरुआत की. जो भारत-रूस सहयोग और यूनेस्को समर्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर कॉम्पिटेंस इन माइनिंग इंजीनियरिंग एजुकेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों व शोधार्थियों को खनन, भूविज्ञान और ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक स्तर का शैक्षणिक व व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है. जून से जुलाई तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत पेट्रोलियम जियोलॉजी, तेल व गैस उद्योग में वर्तमान रुझान, डिजिटल माइनिंग और खनिज संसाधन प्रबंधन विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें कुल 42 छात्र-शोधार्थी भाग ले रहे हैं. इसका संचालन एप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग के प्रो सौरभ दत्ता गुप्ता कर रहे है. साथ ही सारा आयोजन निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा व उप-निदेशक प्रो धीरेज कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है.

### बीसीसीएल के तीन जीएम समेत 12 अधिकारी सीएमपीडीआइ के डीटी पद के रेस में

**धनबाद, एजेंसी।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआइएल) का नये निदेशक तकनीकी (डीटी) पर दो जुलाई को भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीइएसबी) मुहर लगायेगा. सीएमपीडीआइ के डीटी पद के चयन को लेकर दो जुलाई को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चयन बैठक हुई. इस पद के लिए बीसीसीएल से तीन जीएम रेस में हैं, जिन्हें शॉर्टलिस्ट किया गया है. इसमें बीसीसीएल के महाप्रबंधक सह टीएस टू सीएमडी (सीएमडी सचिवालय) राजीव कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (गोविंदपुर एरिया) सुधाकर प्रसाद व महाप्रबंधक (को-ऑर्डिनेशन) धनराज अखाड़े आदि शामिल हैं. इस चयन प्रक्रिया में कुल 12 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है, जिनमें कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों जैसे बीसीसीएल, एनसीएल, डब्लूसीएल, ईसीएल के अलावा एनटीपीसी तथा एनएलसी इंडिया लिमिटेड से भी अधिकारी शामिल है.

### बेलगाड़िया के युवाओं के लिए चलाया जायेगा प्रभावी कौशल विकास कार्यक्रम

**धनबाद, एजेंसी।** झरिया पुनर्वास व विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में हुई. इसमें जेआरडीए के तहत चल रहे विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की गयी. पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी ली. इस दौरान पावर प्रजेंटेशन भी देखा. बैठक के दौरान बेलगाड़िया में विस्थापितों की वर्तमान स्थिति, उनके जीवन स्तर में सुधार तथा रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के अवसरों पर विशेष रूप से चर्चा की गयी. उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बेलगाड़िया में रह रहे युवाओं के लिए प्रभावी कौशल विकास कार्यक्रम चलाये जाये।

### बारिश का पानी निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**धनबाद, एजेंसी।** बारिश का पानी निकालने को लेकर गुरुवार को दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गयी. इस घटना में बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बंगलाटांड़ बस्ती निवासी एक पक्ष के लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं. घायलों में सरजू महतो, उनकी पत्नी सोनिया देवी, बेटा परमेश्वर महतो, प्रेमचंद महतो, बेटी चंपा कुमारी समेत अन्य शामिल है. सभी को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है. सरजू महतो ने बताया कि चचेरे भाई के साथ जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा है. उक्त जमीन घर के पीछे है. लगातार हो रही बारिश की वजह से घर के पीछे भारी जलजमाव हो गया था.

# एक्शन में डीसी, मजदूर नेता रामा पांडेय 6 महीने के लिए जिला बदर

**चाईबासा, एजेंसी।** झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2022 के तहत राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था एवं आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने के लिए अपराध नियंत्रण के मामलों पर सुनवाई करते हुए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के न्यायालय ने एक फैसला सुनाया है।

न्यायालय ने बिहार के बक्सर जिला के थाना राजपुर गांव संगरांव और वर्तमान पता पश्चिमी सिंहभूम जिला के गुवा थाना के निवासी मजदूर नेता रामाशंकर पांडेय उर्फ रामा पांडेय के विरुद्ध झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासन (जिला बदर) का आदेश दिया गया है।

अभियुक्त आदेश पारित करने के 24 घंटे के भीतर जिले की सीमा को छोड़ देंगे एवं 6 महीने की अवधि समाप्त होने तक, परंतु यदि न्यायालय वाद में पेशी की आवश्यकता हो तो सिर्फ उस उद्देश्य से सामान्य कार्यालय अवधि के दौरान स्थानीय थाना को जानकारी देते हुए निर्धारित तिथि को जिला में प्रवेश कर सकेंगे।

यदि अभियुक्त के पास कोई अनुज्ञप्ति धारित शस्त्र है, तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाए। इस आदेश का उल्लंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2022 की धारा 25 तथा बीएनएस इत्यादि की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

इस संबंध में जिला दंडाधिकारी के न्यायालय में सीसीए के संबंध में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक चाईबासा के



द्वारा अपराध कर्मी रामाशंकर पांडेय उर्फ रामा पांडेय के विरुद्ध झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की विभिन्न धारा के अंतर्गत जिला बदर कराने से संबंधित प्रस्ताव अनुशंसा के साथ प्राप्त हुआ है।

प्राप्त प्रस्ताव का अवलोकन किया गया। साथ ही अभियुक्त को उनके पक्ष रखने के लिए नोटिस भी निर्गत किया गया। अभियुक्त इस जिले के अपराध जगत में विगत एक दशक से अधिक अवधि से सक्रिय अथवा मुख्य अपराध कर्मी के रूप में जाने जाते हैं।

इनकी अपराध शैली एवं आतंक से सदर थाना, मुफस्सिल थाना, गुवा थाना, मनोहरपुर थाना एवं चक्रधरपुर थाना में आम जनता व्यावसायिक वर्ग अथवा सरकारी प्रतिष्ठानों के बीच दहशत व्याप्त है।

इनका मुख्य पेशा वामपंथी से सांठगांठ कर नक्सली घटना को अंजाम देना, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना निर्माण कार्य में लगे वाहन मालिकों, कर्मचारी एवं अधिकारियों को डरा-धमकाकर रंगदारी मांगना तथा रंगदारी की रकम नहीं देने पर कार्य बंद कराने की धमकी देना, अवैध अग्नेशस्त्र रखने तथा मारपीट करना एवं हत्या करना है।

अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास में छह गंभीर कांडों में आरोपित रहा है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त के विरुद्ध 10 मामलों में सनहा भी दर्ज है।

जिसमें उनके ऊपर ठेकेदारों, व्यवसायिकों को धमकाने और रंगदारी मांगने की सूचना दर्ज है। चाईबासा जेल ब्रेक कांड में संलिप्तता के आरोप में छह साल पूर्व वह जेल भी जा चुका है।

## शराब घोटाला : गुजरात-महाराष्ट्र के सात आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**रांची, एजेंसी।** शराब घोटाले में एसीबी कोर्ट ने गुजरात व महाराष्ट्र के सात आरोपियों के खिलाफ बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इनमें गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े बिपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभेसिंह ठाकोर व बिक्रमसिंह अभीसिंह ठाकोर शामिल हैं। वहीं महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज से जुड़े जगन तुकाराम देसाई, कमल जगन देसाई और शीतल जगन देसाई के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है। इस मामले में एसीबी ने 16 लोगों को आरोपी बनाया है और नौ लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। इसी बीच एसीबी की टीम बुधवार को फिर उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के ऑफिस पहुंची और कुछ कागजात जब्त किया।

### पूर्व उत्पाद सचिव मुकेश से आज होगी पूछताछ

एसीबी ने पूर्व उत्पाद सचिव मुकेश कुमार को पूछताछ के लिए गुरुवार को एसीबी मुख्यालय में बुलाया है। मुकेश कुमार अभी योजना एवं विकास विभाग के सचिव हैं। आरोप है कि उत्पाद सचिव रहते उन्होंने अनियमितता पर रोक लगाने की पहल नहीं की। उनके कार्यकाल में एमआरपी से अधिक कीमत पर शराब की बिक्री होती रहीं। फर्जी बैंक गारंटी देने वाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर भी कार्रवाई नहीं की गई।

पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे प्लेसमेंट एजेंसी के 4 निदेशक- एसीबी की नोटिस के बावजूद प्लेसमेंट एजेंसी विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट के चार निदेशक बिपिन जादव भाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभे सिंह ठाकोर व बिक्रम सिंह अभी सिंह ठाकोर पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। इस एजेंसी पर फर्जी बैंक गारंटी देकर मैनपावर आपूर्ति का ठेका लेने का आरोप है। इस आरोप की पुष्टि भी हो चुकी है।

## खूंटी में दर्दनाक हादसा, कुएं में गिरकर दबे दो छात्र, बारिश के कारण रेस्क्यू मुश्किल

**खूंटी, एजेंसी।** जिले के मुरहू में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में दो नाबालिग बालक कुएं में दब गए हैं। उनको निकालने में पूरा प्रशासन लगा हुआ है लेकिन दोनों बालकों को कुएं से निकाला नहीं जा सका है। प्रशासन ने अब एनडीआरएफ की टीम को सूचित किया है ताकि वह कुएं में गिरे बच्चों को निकाल सके। दरअसल दोनों बच्चे बारिश के बीच घर से खेलने के लिए निकले थे, इसी दौरान दोनों कुएं में गिर गए। मुरहू थाना क्षेत्र के सोमवार बाजार के रानी टोली की यह घटना है। कुएं में डूबे बालकों में 9 वर्षीय अमित हुन्नी पुर्ति और 10 वर्षीय आशीष तोपनो शामिल हैं। अमित संत नॉर्बट स्कूल और आशीष संत जॉन मिडिल स्कूल का छात्र है।

**पुलिस को दी गई सूचना–** जानकरी के अनुसार स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे घर गए और बाद में गांव के बगल में खेलने चले गए। इसी दौरान दोनों बच्चे कुएं के किनारे खड़े थे कि कुएं की मिट्टी बारिश होने के कारण धंस गई और दोनों उसमें गिर गए। मौजूद अन्य बच्चों ने गांव वालों को जाकर इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर डीएसपी वरुण रजक, डीएसपी रामप्रवेश कुमार, सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, बीडीओ रंजीत सिन्हा, थाना प्रभारी रामदेव यादव, मुखिया ज्योति ढोडिया सहित कई पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**बारिश के कारण जेसीबी चल नहीं पा रही है–** जेसीबी मशीन की मदद से कुएं की खुदाई कर उसमें दबे बालकों को निकालने का प्रयास किया गया लेकिन कुआं फिर से धंस गया जिसके कारण कुएं में दबे बालकों को नहीं निकाला जा सका। लगातार हो रही बारिश के कारण मिट्टी गीली हो चुकी है और इसलिए जेसीबी उक्त स्थल पर चल नहीं पा रही है। लगातार मिट्टी के कटाव के कारण कुआं धंस गया जिसके चलते रेस्क्यू रोक दिया गया है और अब एनडीआरएफ आगे का काम करेगी।

**क्या कहा थाना प्रभारी ने–** थाना प्रभारी रामदेव यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि कुएं में दो बच्चे मिट्टी धंसने के कारण दब गए हैं। सूचना मिलने पर वह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर डीएसपी सहित वरीय अधिकारी भी पहुंचे और कुएं में दबे बालकों को निकालने का प्रयास किया गया।

# अर्थव्यवस्था को गति देने में गो माताओं का अहम योगदान : राधाकृष्ण किशोर

**गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर कार्यशाला**

**रांची, एजेंसी।** गो माताओं से हमारी अर्थव्यवस्था व संस्कृति विकसित होती रही है. हर भारतीय के मन में अपने देश के लिए जितना प्रेम रहता है, उतना ही प्रेम गो माताओं के प्रति भी रहता है. दुनिया की जितनी सभ्यताएं रही हैं, उनके विकास में गो माताओं का अहम योगदान रहा है. उक्त बातें वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही. वे गुरुवार को झारखंड गो सेवा आयोग के तत्वावधान में पारिस्थितिकीय संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर पशुपालन भवन हेसाग में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे.



### राज्य में जरूरत के हिसाब से दूध नहीं

वित्त मंत्री ने कहा कि उन्होंने कई देशों के विकास क्रम को भी देखा. इन देशों के आर्थिक विकास में सबसे बड़ा योगदान पशुधन का है. जब से हेमंत सोरेन सरकार आयी, इस दिशा में पहल हुई है. राज्य में जरूरत के हिसाब से दूध नहीं है. अगले तीन चार वर्षों में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 300-450 ग्राम प्रतिदिन करने का लक्ष्य है. इसको लेकर उन्होंने गो सेवा आयोग को पशुपालन विभाग के साथ मिलकर प्रस्ताव देने को कहा और अगले बजट में उसे स्वीकृत किये जाने का भरोसा दिलाया. मौके पर सुनील मानसिंह, डॉ सत्यप्रकाश, डॉ मुकेश मिश्रा, डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, अनिल मोदी आदि थे.

### गोशालाओं को ढाई करोड़ का अनुदान : कृषि मंत्री

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कृषि, पशुपालक एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मनुष्य से प्रेम आम बात हो सकती है, पर पशु से प्रेम व्यक्ति के व्यवहार और सोच को दर्शाता है. झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जो पशुओं के लिए प्रतिदिन 100 रुपये आहार के नाम पर भुगतान करता है. जबकि, देश के अन्य राज्यों में यह राशि 30 से 40 रुपये है. पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य के निबंधित गोशालाओं को ढाई करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है. गोशाला में तैयार बायो फर्टिलाइजर की खरीद का प्रस्ताव सरकार के पास है.

### गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की हो रही पहल

आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में अब गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी पहल हो रही है. झारखंड गो ग्राम ऐसा ही प्रयास है. अभी प्रारंभिक तौर पर 5500 महिलाओं को प्रशिक्षित करने का प्रयास हो रहा है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके. आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि महिलाओं को प्रशिक्षण देकर गोबर से दीप, अगरबत्ती तैयार कराये जा रहे हैं. सचिव अबु बकर सिद्दीक ने कहा कि इको सिस्टम को मजबूत करने में पशुधन का भी महत्व है. पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ वल्लभभाई कथीरिया ने कहा कि देश में गोमूत्र, गोबर का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है. मेडिकल साइंस की रिपोर्ट में इसके जरिये कई असाध्य बीमारियों के ईलाज, प्राकृतिक खेती का जिक्र हो रहा है.

# 26 जुलाई को होगी बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा, आज से भरे जाएंगे फॉर्म

**रांची, एजेंसी।** राज्य के नर्सिंग संस्थानों में संचालित बीएससी नर्सिंग-बेसिक एवं बीएससी नर्सिंग-पोस्ट बेसिक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बुधवार से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने इस प्रवेश परीक्षा को लेकर विस्तृत अधिसूचना जारी कर दी।

इसके तहत बीएससी नर्सिंग-बेसिक परीक्षा 26 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 12.30 बजे तक रांची, बोकारो, धनबाद, पलामू, दुमका तथा हजारीबाग में आयोजित की जाएगी, जबकि बीएससी-पोस्ट बेसिक परीक्षा इसी दिन अपराह्न दो बजे से चार बजे तक आयोजित होगी।

अभ्यर्थी ऑनलाइन नामांकन के समय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षा केंद्र का चयन कर सकेंगे। नामांकन में सरकारी या गैर सरकारी अस्पतालों में ए ग्रेड नर्स के रूप में काम कर रहे अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बीएससी नर्सिंग में पढ़ाई करने के लिए छात्रावास में रहना अनिवार्य होगा।

पोस्ट बेसिक में नामांकन के लिए नर्सिंग का पाठ्यक्रम पूरा करनेवाले तथा झारखंड नर्सिंग काउंसिल में निबंधित पुरुष नर्स भी योग्य होंगे, बशर्ते वे अन्य अर्हता भी पूरी करते हों। पर्षद द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि झारखंड के स्थानीय निवासी के नामांकन के बाद सीटें रिक्त रहने पर अन्य पात्र अभ्यर्थियों का नामांकन होगा।

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने एएनएम तथा जीएनएम में नामांकन के लिए आयोजित होनेवाली प्रवेश परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी कर दिया है। इन प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी बुधवार से आनलाइन फार्म भरे जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई निर्धारित है।

एएनएम प्रवेश परीक्षा रांची, बोकारो, धनबाद, पलामू, हजारीबाग, दुमका तथा जमशेदपुर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, इन्हीं शहरों में जीएनएम प्रवेश परीक्षा अपराह्न 2.30 बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। एएनएम दो वर्षीय तथा जीएनएम तीन वर्षीय पाठ्यक्रम है।

## सिकल सेल पीड़ितों से मिले सीएम हेमंत सोरेन, जागरूकता पर दिया जोर

**बच्चों के जन्म के साथ ही हो स्क्रीनिंग**

**रांची, एजेंसी।** विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर यूनिसेफ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. सीएम आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी भी मौजूद थे. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस रोग से प्रभावित युवक-युवतियों से सीधा संवाद किए. मुख्यमंत्री ने सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता फैलाने पर जोर देते हुए लोगों के बीच इस बीमारी के प्रति समझ बढ़ाने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही इस बीमारी का उन्मूलन संभव है.

**सिकल सेल को लेकर सीएम ने दिए कई दिशा-निर्देश** – मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीमारी की प्रारंभिक पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि लोगों को पता ही नहीं होता है कि वे इस बीमारी से पीड़ित हैं. ऐसे में जाने-अनजाने वे इसे अगली पीढ़ी में स्थापित कर सकते हैं. इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों का स्क्रीनिंग किया जाना चाहिए और जिन लोगों में इस बीमारी के लक्षण पाए जाएं, उनकी काउंसलिंग कर जांच, दवाइयां और अन्य सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाए. उन्होंने कहा कि इस बीमारी के निदान की दिशा में यह प्रयास होना चाहिए कि बच्चों के जन्म के साथ ही उसकी स्क्रीनिंग कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका इलाज और समाधान हो सके. मुख्यमंत्री ने कहा कि सिकल सेल से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और अन्य माध्यमों से कार्य किए जा रहे हैं. इसमें यूनिसेफ जैसी संस्थाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है.



सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं. लोगों का हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जा रहा है, ताकि विभिन्न बीमारियों से संक्रमित लोगों की पहचान कर उनका समुचित इलाज किया जा सके. हमारा प्रयास आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित जीवन देना है.

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी ने नवनियुक्त जिला पर्यवेक्षकों को दिखाया आईना!

**रांची, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा नव नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू शामिल हुए. झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और आगामी निकाय चुनाव को केंद्र में रखकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गयी.



**कार्यकर्ताओं को दिया ग्रासरूट मजबूत करने का मंत्र–** कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि राहुल गांधी का पूरा ध्यान ग्राम और निकाय स्तर के संगठन पर रहता है. झारखंड में कांग्रेस को निचले स्तर यानी ग्रासरूट पर मजबूत करना होगा. उन्होंने कहा कि प्रखंड और जिला स्तर पर संगठन मजबूत होता है लेकिन कांग्रेस की कमजोरी है कि जमीनी स्तर पर हम कमजोर हैं, जिसके कारण हम अपनी बातों को पूरी तरह जनता के पास नहीं पहुंचा पाते हैं. के राजू ने आगे कहा कि लोकसभा और हमारी कमजोरी यह है कि कार्यकर्ता, विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर 10 से 50 कांग्रेस समर्थक नहीं पहुंच पाए थे. जिसके कारण हम कई सीटों पर बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गए.

**पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूत करना–** उन्होंने उपस्थित पर्यवेक्षकों से कहा कि प्रथम चरण में छूटे प्रखंड अध्यक्षों को झारखंड एप में रजिस्टर्ड करना है और मंडल अध्यक्षों को भी रजिस्टर्ड कर प्रखंड अध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं मंडल अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना है. उन्होंने कहा कि 214 प्रखंड अध्यक्ष %एप% में रजिस्टर हो चुके हैं बाकी को भी जोड़ना है. हमें संगठन को चुनावी अभियान के तहत तैयार करना ही होगा, पंचायत स्तर पर संगठन होने से हम बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति कर सकते हैं जो किसी भी बूथ पर मतदाता पंजीकरण का एक अहम हिस्सा होता है. बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, चुनाव आयोग के द्वारा राजनीतिक दलों के अनुशंसा पर की जाती है जो चुनावी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है. चुनाव के लगभग 6 माह पूर्व मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ होती है, इसलिए पंचायत और वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत करना है.

**सशक्त पंचायत समिति ही सशक्त संगठन की पहचान: केशव महतो कमलेश–** प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि, सशक्त पंचायत समिति ही सशक्त संगठन की पहचान हो सकती है. पंचायत समिति के सदस्यों को ग्राम के हर मतदाता की पहचान होती है. पंचायत स्तर पर संगठन होने से मतदाता सूची में हेरफेर की संभावना कम होती है. कांग्रेस समर्थित मतदाता आसानी से मतदान कर सकते हैं. संगठन के कार्यों और भावी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर पहुंचाया जा सकता है.

### आगे के नगर निकाय चुनाव के लिए जमीन तैयार करें कार्यकर्ता: केशव महतो कमलेश

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी कुछ महीनो में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए अभी से जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा. निकाय स्तर पर संगठन समर्थित और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा की जीत से संगठन की मजबूती लोगों के सामने आएगी. जनता का भरोसा हम पर कायम है उनके भरोसे को कायम रखते हुए काम करना है. केंद्र सरकार की जन विरोधी नीति और झारखंड सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाना है.

### केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिवस को कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया. इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने राहुल गांधी के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की. प्रेस क्लब में आयोजित राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर, देश की जनता के लिए उठाए गए मुद्दों, किए गए संघर्षों और उनके भाषणों को ऑडियो विजुअल प्रदर्शनी भी लगाई गई. इस दौरान लोगों के बीच फल वितरित के साथ साथ कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया.

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## सुभाषितम्

हम प्रयास के लिए उत्तरदायी हैं, न कि परिणाम के लिए।

- गीता

# ईरानी मिसाइलों से हतप्रभ होती दुनिया

ईरान की सैन्य शक्ति को देखते हुए वैश्विक स्तर पर हड़कंप मच गया है। 8 दिनों के भीतर जिस प्रकार ईरान ने बिना किसी दूसरे देश की सहायता लिए मिसाइल क्षमताओं का प्रदर्शन किया है. वह केवल इजराइल ही नहीं, बल्कि अमेरिका और उसके सहयोगियों देशों के लिए गंभीर चेतावनी है। ईरान की फतेह, सज्जील और अब नई तकनीकों से लैस मिसाइलों की श्रृंखला ने मिसाइल टेक्नोलॉजी को लेकर सारी दुनिया के देशों की सैन्य शक्ति को लेकर भविष्य की सोच और दिशा को बदल दिया है। 360 अंश, हाई-स्पीड कैमरों, इलेक्ट्रॉनिक डिसरप्शन टेक्नोलॉजी और हाइपरसोनिक गति वाली मिसाइलों ने अमेरिका के रडार सिस्टम को चकमा देकर अमेरिका और इजराइल जैसे देशों को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। ईरान की यह तकनीकी सफलता उस सोच को भी खारिज करती है. जिसमें धार्मिक देशों को कट्टरपंथी मानते हुए विज्ञान से उनका कोई नाता नहीं है, ऐसा माना जाता रहा है। ईरान की मिसाइलों की अद्भुत क्षमता, जिसमें एक मिसाइल हवा में जाकर दर्जनों लक्ष्यों को भेद रही है. उसने अभी तक के हथियारों में सबसे ज्यादा खतरनाक बना दिया है। एक ही झटके में ईरान दुनिया के सबसे खतरनाक मिसाइल धारक देशों की कतार में खड़ा हो गया है।
अमेरिका और इजराइल मे जहां आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता और जनमत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू का विरोध बढ़ता ही जा रहा है, वहीं इजराइल हमले के बाद ईरान की जनता पहले से ज्यादा संगठित और सरकार के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। जिन महिलाओं ने हिजाब विरोधी प्रदर्शन किए थे, आज फिलिस्तीन के समर्थन में सड़कों पर आकर इजरायल की सरकार के साथ खड़ी हैं। चीन और रूस जैसे देश खुलकर ईरान के साथ आकर खड़े हो गये हैं। ईरान की रणनीति केवल सैन्य नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक मोर्चे पर बड़ी प्रभावी साबित हो रही है। यह दुनिया के लिए सिर्फ तकनीकी आश्चर्य का विषय नहीं, बल्कि एक नई वैश्विक शक्ति संरचना और भविष्य के बदलाव की दस्तक भी है। आने वाले समय में सारी दुनिया की सैन्य शक्ति में बड़े-बड़े बदलाव हो सकते हैं। ड्रोन और मिसाइल तथा अत्याधुनिक संचार प्रणाली युद्ध के दौरान बहुत प्रभावी भूमिका अदा कर सकते हैं। जिस तरह के नए-नए प्रयोग हथियारों के रूप में देखने को मिल रहे हैं। छोटे-छोटे देश भी बड़ी-बड़ी महाशक्तियों का मुकाबला कर पाने में सफल होते दिख रहे हैं। ईरान के बारे में किसी ने भी नहीं सोचा था, कि एक कट्टरपंथी मुल्क नवीनतम तकनीकी के माध्यम से इस तरह के हथियार तैयार कर लेगा, जिसकी खबर दुनिया के किसी देश को भी नहीं थी। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामनेई ने पिछले 8 वर्षों से शांतिपूर्ण ढंग से अमेरिका के प्रतिबंधों का सामना करते हुए जिस तरह की तैयारी की है जब इजराइल के खिलाफ ईरान की मिसाइल ने आसमान में अपना करतब दिखाया तो राम-रावण युद्ध की याद भी ताजा होने लगी। उस समय जब मंत्र पढ़कर तीर छोड़े जाते थे। एक तीर से कई तीर निकलते थे। एक तीर से हजारों घायल हो जाते थे। लगभग उसी तरीके की स्थिति एक बार फिर ईरान और इजराइल युद्ध के दौरान देखने को मिली है। ईरान ने जिस तरीके से अपने पक्ष में दुनिया के देशों का समर्थन हासिल किया है उससे यह बात भी प्रमाणित होती है। सत्ता का अहंकार जब सिर चढ़कर बोलने लगता है, उस समय अहंकार को खत्म करने के लिए प्रक्रति भी साथ देने लगती है। यही ईरान के साथ होता हुआ दिख रहा है।

## चिंतन-मनन

### खुद में करो भगवान के दर्शन

यज्ञ ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेवं यास्यसि पाण्डव
। येन भूतान्यशेषाणि द्रक्ष्स्यात्मन्यथो मयि।।

अथार्तः हे पांडव! जिस ज्ञान को जानकर फिर तुम मोह में नहीं पड़ोगे, उस ज्ञान से तुम यह जान सकोगे कि जो कुछ भी है वह उसी परमात्मा की वजह से ही है। गुरु, शिष्य को ज्ञान नहीं देता, बल्कि शिष्य की श्रद्धा गुरु से ज्ञान लेती है। उस ज्ञान से साधक का नजरिया बदलने लगता है। उसमें काम, प्रोध, लोभ, मोह जैसी बुराइयां कमजोर पड़ने लगती हैं। ज्ञान बढ़ता जाता है और अज्ञान खत्म होता जाता है। धीरे-धीरे शिष्य की सभी बुराइयां खत्म होने लगती हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि ज्ञान की अग्नि मन में पड़े संस्कारों के बीज भी जला डालती है और मोह आदि विकार भस्म हो जाते हैं। इसलिए आत्मज्ञान हो जाने के बाद इंसान को मोह परेशान नहीं करता, क्योंकि यह मोह ही था, जिसके कारण अर्जुन कौरव सेना से युद्ध नहीं कर रहे थे।
आगे भगवान कहते हैं कि इस आत्मज्ञान को पाकर पहले तुम अपने में सभी पुराने कर्मों को देखोगे और फिर उनको मुझ में देखोगे। यानी ज्ञान हो जाने के बाद साधक को पहले भगवान अपने भीतर दिखता है, फिर वही भगवान सब जगह दिखाई पड़ने लगता है। वरना हम मूर्ति में तो भगवान को देख लेते हैं, लेकिन अपने भीतर नहीं देख पाते, जबकि प्रक्रिया इससे उलट है। पहले अपने में भगवान का दर्शन करो, फिर सब में उसी को ही देखो।

## आज का राशिफल

| राशि | फल | राशि | फल |
|---|---|---|---|
| मेष | आज कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कोई पुराना प्रॉजेक्ट पुनः शुरू हो सकता है जो पहले रुका हुआ था। | तुला | करियर के लिहाज से सतर्कता आवश्यक है। निवेश या आर्थिक निर्णय में जल्दबाजी न करें। |
| वृषभ | आपको लाभ के कई स्रोत मिल सकते हैं, विशेषकर यदि आप किसी रचनात्मक या कलात्मक क्षेत्र में हैं। | वृश्चिक | दिन आपकी मेहनत का प्रतिफल देने वाला है। ऑफिस में नया प्रॉजेक्ट मिल सकता है। |
| मिथुन | आज दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा। ऑफिस में काम का दबाव अधिक रहेगा। | धनु | आज आपकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा। किसी पुराने निवेश से लाभ मिलने के संकेत हैं। |
| कर्क | आज भाग्य का साथ मिल रहा है। कर्मक्षेत्र में आपकी वाणी और कूटनीति से परिस्थितियां सुधरेंगी। | मकर | ज व्यापार में व्यस्तता अधिक रहेगी। पार्टनरशिप में पुराने विवाद समाप्त हो सकते हैं। |
| सिंह | आज आर्थिक दृष्टिकोण से शुभ दिन रहेगा। बड़े प्रॉजेक्ट्स की प्लानिंग में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। | कुंभ | करियर में दिन भाग्यशाली रहेगा। शेयर मार्केट या निवेश से संबंधित कार्यों में लाभ होगा। |
| कन्या | व्यावसायिक दृष्टिकोण से दिन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उत्तरदायित्व से आप दबाव महसूस करेंगे। | मीन | विशेषकर यदि आप क्रिएटिव, राइटिंग, मीडिया या डिज़ाइनिंग क्षेत्र से जुड़े हैं। |

# एकात्म मानववाद का संदेशवाहक है योग

-डॉ. शंकर सुवन सिंह



मानव का प्रकृति से अटूट सम्बन्ध होता है। समाज प्रकृति की व्यवस्था पर टिका हुआ है। प्रकृति व मानव एक दूसरे के पूरक हैं। प्रकृति के बिना मानव की परिकल्पना नहीं की जा सकती। प्रकृति दो शब्दों से मिलकर बनी है - प्र और कृति। प्र अर्थात प्रकृष्टि (श्रेष्ठ) और कृति का अर्थ है रचना। ईश्वर की श्रेष्ठ रचना अर्थात सृष्टि। प्रकृति से सृष्टि का बोध होता है। प्रकृति अर्थात वह मूलत्व जिसका परिणाम जगत है। कहने का तात्पर्य प्रकृति के द्वारा ही समूचे ब्रह्माण्ड की रचना की गई है। प्रकृति दो प्रकार की होती है- प्राकृतिक प्रकृति और मानव प्रकृति। प्राकृतिक प्रकृति में पांच तत्व- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश शामिल हैं। मानव प्रकृति में मन, बुद्धि और अहंकार शामिल हैं। प्रकृति और मनुष्य के बीच बहुत गहरा संबंध है। मनुष्य के लिए प्रकृति से अच्छा गुरु नहीं है। पृथ्वी मां स्वरुप है। प्रकृति जीवन स्वरुप है। पृथ्वी जननी है। प्रकृति पोषक है। पृथ्वी का पोषण प्रकृति ही पूरा करती है। जिस प्रकार माँ के आँचल में जीव जंतुओं का जीवन पनपता या बढ़ता है तो वहीँ प्रकृति के सानिध्य में जीवन का विकास करना सरल हो जाता है। पृथ्वी जीव जंतुओं के विकास का मूल तत्व है। प्रकृति के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। मानव या व्यक्ति समाज की एक इकाई है। कई व्यक्तियों का समूह समाज कहलाता है। मानवता का एकीकृत होना ही एकात्म मानववाद है। मानवता एकता का प्रतीक है। एकता अखण्डता को दशार्ती है। योग भारत की अक्षुण्ण एकता का परिचायक है। शरीर और आत्मा का एकीकरण मानवता को जन्म देता है। योग शरीर को आत्मिक अनुभूति प्रदान करता है। स्व के साथ अनुभूति ही दर्शन कहलाता है। एकात्म मानववाद दर्शन का ही हिस्सा है। एकात्म मानववाद विचारधारा के जनक/प्रस्तावक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी थे। एकात्म मानववाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मार्गदर्शक दर्शन है। योग अपनेपन को विकसित करता है। अपनापन, अकेलापन को दूर करता है। अपनापन का शाब्दिक अर्थ है- आत्मीयता। आत्मीयता अर्थात अपनी आत्मा के साथ मित्रता। कहने का तात्पर्य- मनुष्य कभी अकेला नहीं होता है। मनुष्य जब नकारात्मक विचारों से ग्रसित होता है तो वह आत्मीयता अनुभव नहीं करता है। नकारात्मकता अकेलेपन को जन्म देती है। सकारात्मकता अपनेपन को जन्म देती है। अपनापन ही अकेलापन को दूर करता है। भीड़ में शामिल होने से हम अपने को अपने आप से अलग करते हैं। भीड़ में शामिल होना अर्थात अपने को अपने आप से अलग करना हुआ। अलग होना आत्मीयता के लक्षण नहीं हैं। अपने आप को अपने से अलग करके कभी भी अकेलापन दूर नहीं किया जा सकता है। अतएव अपनी आत्मीयता को बनाए रखें। जिससे जीवन में अकेलेपन का अनुभव न हो। कोई भी व्यक्ति इस धरती पर अकेला नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति भौतिक रूप से भौतिक संसाधनो व चारो ओर के आवरण से घिरा हुआ है। देखा जाए तो भौतिक रूप से भी व्यक्ति अकेला नहीं है। अतएव हम कह सकते हैं कि कोई भी व्यक्ति न तो आध्यात्मिक रूप से अकेला है और न ही भौतिक रूप से। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। योग रोग को खत्म करता है। अयोग्य वह है जो असंतुलित है। असंतुलन आलस्य की निशानी है। आलसी व्यक्ति असंतुलित होता है। अयोग्य व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए अनुपयुक्त होता है। योग आलस्य और प्रमाद को दूर कर व्यक्ति को संतुलित करता है। संतुलन कर्मठता की निशानी है। योग्य व्यक्ति किसी भी कार्य के लिए उपयुक्त होता है। योग व्यक्ति को योग्य बनाता है। ऋग्वेद के ऐतरेय ब्राह्मण ग्रन्थ में चरैवेति शब्द का उल्लेख मिलता है। चरैवेति अर्थात चलते रहना, रुकना नहीं। हर स्थिति और परिस्थिति में आगे ही आगे बढ़ते चलने का नाम जीवन है। जिस प्रकार बहते हुए जल में पवित्रता बनी रहती है उसी प्रकार निरंतर चलने वाले व्यक्ति में कर्मठता बनी रहती है। अयोग्यता ठहराओ के सिद्धांत पर आधारित है। अयोग्य व्यक्ति ठहरे हुए जल के समान है जबकि योग्य व्यक्ति बहते हुए जल के समान है। योग आंतरिक शांति या मन की शांति बनाए रखता है, जो मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। योग से शांति, सामंजस्यता और शालीनता का विकास होता है। योग आत्मनिर्भरता के मार्ग को प्रशस्त करता है। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। हिन्दू संस्कृति में राम द्वारा किया गया आदर्श शासन रामराज्य के नाम से प्रसिद्ध है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है।

11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम/प्रसंग है- एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य। अर्थात पृथ्वी पर बसने वाले सभी मानव स्वस्थ्य हो और उनकी काया निरोगी हो। योग का स्वास्थ्य से घनिष्ठ सम्बन्ध है। योग से शरीर में नवीन ऊर्जा का संचार होता है। यही नवीन ऊर्जा हमारे शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण करती हैं। शरीर को पुनर्निर्मित करने का काम योग का है। योग से एकात्म मानववाद का विस्तार होता है। अतएव योग वसुधैव कुटुंबकम (पूरा विश्व एक परिवार है) के दर्शन को फलीभूत करता है। योग से पूरा विश्व स्वस्थ्य होगा। एक स्वस्थ्य विश्व ही विश्व की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा। अतः यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पूरे विश्व का स्वास्थ्य वैश्विक सम्पदा का आधार है। एक स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ्य मस्तिष्क नशे जैसी आदतों से दूर रहता है। स्वस्थ्य मस्तिष्क स्वस्थ्य समाज की रीढ़ है। मानवता स्वस्थ्य मस्तिष्क में ही जन्म लेती है। एकात्म मानववाद की विचारधारा पूरे विश्व को मानवता का पाठ पढ़ाती है। यदि पूरे विश्व की मानवता एक साथ एक मंच पर खड़ी हो जाए तो विश्व स्वर्ग हो जाएगा। इस्राइल- ईरान और रूस- यूक्रेन युद्ध अस्वस्थ्य विचारधारा का परिणाम है। मानवता जंग करना नहीं सिखाती। मानवता मानव के साथ प्रेम करना सिखाती है। एकात्म मानववाद एक स्वस्थ्य विचारधारा है। अतएव हम कह सकते हैं कि योग, एकात्म मानववाद का संदेशवाहक है।

# विमान दुर्घटना और सोशल मीडिया का घिनौना चेहरा

- चैतन्य भट्ट



अहमदाबाद में हुई दुर्घटना में एयर इंडिया विमान के टेकआफ के चंद लम्हों बाद ही रिहायशी इलाके में गिरने से अभी तक 241 यात्रियों और क्रू मेंबर समेत 270 लोगों की जानें जा चुकी हैं। कितने ही घायल गंभीर हैं और मृत्यु का आंकड़ा और बढ़ सकता है। तकनीकी कारणों से डीएनए सैंपल जीवित परिवारजनों से मिलाने के काम में विलंब हो रहा है। कितने ही पीड़ित परिवार अंतिम संस्कार के लिए प्रियजनों के शव मिलने का त्रासद इंतजार झेल रहे हैं।
देश इस घटना के दंश से उबर भी नहीं पाया कि आपदा को अवसर मानकर व्यूज, लाइक्स और फालोवर्स की तलाश में निर्ममता की हदें पार करने वाले सोशल मीडिया वीर सक्रिय हो गए हैं। दुर्घटना में कोमी व्यास उनके पति प्रतीक जोशी, जुड़वां बेटे प्रद्युत और नकुल, और बेटी मिराया भी दिवंगत हुए हैं। कोमी के भाई कुलदीप भट्ट ने बताया है कि सोशल मीडिया पर उनके दिवंगत परिवारजनों की छेड़छाड़ की गई तस्वीरें और फर्जी वीडियो अपलोड हो रहे हैं। कोमी की फ्लाइट में ली गई सेल्फी को एआई के उपयोग से नकली वीडियो में बदल कर वायरल किया गया है। उसके नाम और तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाए गए हैं। अभी तक डीएनए सैंपल का मिलान नहीं हुआ है मगर लोग एडिटेड वीडियो से बच्चों का अंतिम संस्कार होने का दावा कर रहे हैं। एक अन्य वीडियो में दिखाए जा रहे बच्चों के शव किसी अन्य दुर्घटना से संबंधित हैं। कुलदीप ने विनती की है कि सिर्फ व्यूज, लाइक्स और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए झूठी खबरें और वीडियो फैलाकर उनके दुःखी परिवार को और अधिक मानसिक आघात न दें।
इससे सोशल मीडिया पर चल रहे उस पागलपन का घिनौना चेहरा फिर उजागर हो गया है जहां व्यूज, लाइक्स और फालोवर्स की लालच ने मानवीय संवेदनाओं का गला घोंट रखा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के मौद्रीकरण के बाद नंबरों का यह खेल पैसा कमाने का साधन बन गया है। ये प्लेटफॉर्म अपलोडेड कंटेंट के बीच विज्ञापन दिखाकर भारी कमाई करते हैं जिसका एक छोटा हिस्सा अपलोड करने वाले को मिलता है। जितने अधिक व्यूज, लाइक्स, शेयर और फालोवर्स उतने अधिक पैसे। सस्ती इंटरनेट ने इस व्यवसाय को पंख लगा दिए हैं। जिसे देखो सुबह से फ्री डेली डाटा लिमिट का खून करने को उतारू दिखता है। माध्यम का उपयोग झूठी जानकारी फैलाने के लिए हो रहा है। आभासी दुनिया से यह लगाव वास्तविकता से दूर कर रहा है जिसके संभावित दुष्परिणाम सोच कर ही झुरझुरी छूटती है।
इस अंधी दौड़ का अंत निकट भविष्य में तो दूर तक दिखाई नहीं देता। तमाम सरकारी कोशिशों के बावजूद सोशल मीडिया की बादशाहत वाली गूगल, मेटा जैसी कंपनियां अपने डाटा सेंटर भारत लाने को तैयार नहीं हैं। पहले फ्री कंटेंट परोसने वाली इन कंपनियों को विज्ञापनों के बाजार से पैसा पीटने का खजाना मिल गया है। इनके हाथों में खेल रहे सोशल मीडिया वीर यह नहीं जानते कि उन्हें मुनाफे का छोटा सा हिस्सा देकर उनसे वह सब कराया जा रहा है जो अपराध और अनैतिकता की श्रेणी में आता है और जिसकी सारी जिम्मेदारी प्लेटफार्म नहीं बल्कि उनकी है। दिवंगत कोमी व्यास उनके पति और बच्चों की तस्वीरों के साथ की जा रही छेड़छाड़ इसकी ताजा बानगी है।
भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत इन माध्यमों के दुरुपयोग रोकने संबंधी प्रावधान हैं। सोशल मीडिया पोस्ट से किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले अपमानजनक या झूठे बयान देने पर 499, 500, धमकी पर 506, निजी जानकारी के खुलासे पर 66ई और अश्लील सामग्री प्रकाशित करने पर 67 जैसी धाराएं लागू होती हैं। आपत्तिजनक पोस्ट के आधार पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर 295ए और समुदायों के बीच नफरत फैलाने पर 153ए जैसी अन्य धाराएं भी हैं। मगर इनमें उपलब्ध लूपहोल बच निकलने का रास्ता देते हैं। सरकारें इन प्रावधानों का उपयोग राजनीतिक गुणा भाग के आधार पर प्रचार और विरोध की आवाज दबाने के लिए करने पर ज्यादा तत्पर दिखाई देती हैं।
हर माध्यम के अपने गुण दोष हैं। पृकृति में भी शायद ही ऐसा कुछ है जिससे सदुपयोग और दुरुपयोग की संभावनाएं न जुड़ी हों। सांप का जहरीला विष दवा बनाने में भी प्रयुक्त होता है। सोशल मीडिया संवाद और संचार का बेहद उपयोगी माध्यम है। सनसनी फैलाने वाला कंटेंट पहले भी था मगर दिवंगत कोमी व्यास दंपति और उनके बच्चों की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर परोसा गया झूठ बताता है कि मौद्रीकरण के बाद पैसे कमाने के लिए व्यूज लाइक्स शेयर सब्सक्राइब की अंधी दौड़ ने इसे अमानवीयता का कितना घिनौना चेहरा पहना दिया है।
सरकारों द्वारा प्रचार और राजनीतिक फायदे के लिए सोशल? मीडिया की ताकत पर निर्भरता किसी से छिपी नहीं है। कानून कड़ाई से लागू करने की राह में और भी कई तकनीकी समस्याएं हैं। इसलिए सरकारी स्तर पर कोई सख्त कार्रवाई मृगतृष्णा साबित हो सकती है। सहज और सरल उपाय यही है कि लोग अपने स्तर पर ही ऐसे दुष्प्रचार और गलतबयानी पर लगाम लगाएं। सनसनीखेज पोस्ट के प्रचार-प्रसार में सहयोगी न बनें। इसी मीडिया पर फैक्ट चैक के विकल्प उपलब्ध हैं उनका प्रयोग करें। याद रखें, किसी झूठी पोस्ट पर आपकी एक क्लिक गहन मानसिक अवसाद से गुजर रहे व्यक्ति या परिवार की पीड़ा और बढ़ा सकती है।

# ईरान-इजरायल जंग :तीसरे विश्व युद्ध के कगार पर दुनिया ...?

- ओम प्रकाश मेहता

दुनिया के मध्य पूर्व में हालात ठीक नहीं है, ईरान और इजरायल के बीच जंग शुरू हो गई है, जिन्हें विश्व की महान शक्तियों का समर्थन प्राप्त है, इस जंग में फिलहाल रूस तो खुलकर सामने नहीं आया है, किंतु अमेरिकी राष्ट्रपति खुलकर सामने आ गए हैं और निशाने पर तेहरान है और वहां के सुप्रीम लीडर जो भूमिगत हो चुके हैं, उनके बारे में ट्रंप ने कहा है कि उन्हें पता है वह कहां छुपे हैं और इस कारण उन्हें कभी भी मारा जा सकता है, इसराइल के निशाने पर ईरान के सैन्य ठिकाने हैं, इधर भूमिगत हो चुके नेता खामनेही ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका देश इसराइल से समझौते को कतई तैयार नहीं है अब आर-पार की ही लड़ाई होगी और इस युद्ध का परिणाम ही वर्चस्व का भविष्य तय करेगा।
दुनिया के शक्तिशाली देशों के टकराव के बीच पश्चिमी देशों में 80 साल बाद फिर विश्व युद्ध के आसार पैदा कर रहा है, इसकी मुख्य वजह रूस अमेरिका दोनों ही देशों में परमाणु हथियारों की बढ़त है और इस कठिन परिस्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अपनी अहम भूमिका निभाने से इनकार कर दिया है। इस कारण अपने आप को सर्वोच्च शक्तिमान समझने वाले देश अपनी मनमानी पर उतर आए हैं, जबकि दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी ताजा है, फ्रांस जर्मनी और ब्रिटेन के 60 फीसदी से ज्यादा लोग इस युद्ध के बारे में अधिकतम जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 फीसदी तक ही सीमित है।
इस प्रकार कुल मिलाकर विश्व के मौजूदा हालातो में इस्लामी आतंकवाद का भी खतरा बढ़ गया है, इससे जुड़े एक सर्वेक्षण में पश्चिमी यूरोप के 82% और अमेरिका के 69% लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया है, लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा है, रूस के अलावा इस्लामीक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा बताया जा रहा है, इसके साथ ही संभावित तीसरे विश्व युद्ध में विभिन्न देशों की स्थितियों पर भी गंभीर चिंतन शुरू हो गया है, वैसे रूस के राष्ट्रपति पुतिन इस समय यूक्रेन में नाटो देशों के दखल से बेहद खफा है। पुतिन का कहना है कि नाटो का हस्तक्षेप मूल सभ्यता के विनाश का कारण बन सकता है, पिछले साल मई 2024 में विमित्री देव ने परमाणु युद्ध की चेतावनी दी थी। अगर रूस के इस हमले को नाटो की चुनौती मानता है तो पुतिन अनकहा, अनदेखा और अनचाहा भी कर सकते हैं, इस आशंका को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और वहां के कई रणनीतिकार बता चुके हैं, इसलिए ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यह संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता है जो कि अभी तक यह काल्पनिक है, अगर मौजूदा हालात के हिसाब से ही देखें तो दुनिया के शक्तिशाली देश कई समूहों में बट सकते हैं।
इस प्रकार कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के हालात अभी ठीक नहीं है और विशेष चिंता भारत जैसे देशों की है, जिन्होंने तटस्थता की नीति अपना रखी है, इसीलिए मोदी जी अपने विदेश यात्राओं के दौरान शांतिपूर्ण माहौल की चर्चा कर रहे हैं, जैसा उन्होंने जी-7 की बैठक में किया?।

## विशेष

### ट्रंप किस जन्म का बदला ले रहे हैं?

डोनाल्ड ट्रंप भारत और मोदी से किस जन्म का बदला ले रहे हैं? इसको लेकर अब चर्चा होने लगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर पर सीज फायर कराने का श्रेय ट्रंप ने लिया। दोनों देशों के बीच उन्होंने मध्यस्ता की भी बात ट्रंप ने की थी। भारत सरकार और भारतीय मीडिया ने ट्रंप के बयान को झूठा बताया था। जिस तरह से अमेरिका ने पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष मुनीर को व्हाइट हाउस में बुलाकर लंच दिया। उनसे बंद कमरे में बातचीत की। पाकिस्तान को भारत के समकक्ष बताने से, केंद्र सरकार और मोदी जी की मुसीबतें बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के लिए वह सब किया, जो उन्हें नहीं करना चाहिए था। इसका सिला ट्रंप इस तरह से देंगे। यह तो मोदी जी ने भी कभी सोचा नहीं था। जी7 के सम्मेलन में मोदी से बिना मिले मोदी वापस अमेरिका चले गए। वहां जनरल मुनीर के साथ खाना खाकर मोदी जी को चिढ़ा रहे हैं।

### सुको के वकील को ईडी का नोटिस?

केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार को पूछताछ का नोटिस जारी किया। उस नोटिस में यह कहा गया था, उन्होंने अपने क्लाइंट को क्या सलाह दी है। उस संबंध में उनसे पूछताछ की जानी है। जैसे ही ईड़ी का यह नोटिस उन्हें मिला। उसके बाद बवाल मच गया। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट आन रिकॉर्ड संगठन तथा अन्य अधिवक्ता संघ ने विरोध किया। अधिवक्ताओं द्वारा कहा गया, यह वकील और कोर्ट पर सरकार का दबाव और हस्तक्षेप बनाने का प्रयास किया जा रहा है। भारी विरोध को देखते हुए ईड़ी ने नोटिस वापस ले लिया। कहा गलती से जारी हो गया था। शह और मात का खेल सरकार और न्यायपालिका के बीच अपने चरम पर है।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1945 द्वितीय विश्व युद्ध जापानी फौजों ने ओकिनाव द्वीप पर अमरीकियों के समक्ष हथियार डाल दिया. 1948 सी.रोजगोपालाचार्य भारत के गर्वनर जनरल नियुक्त किए गए. 1963 फ्रांस ने नाटो अटलांटिक नौसैनिक बल से अपने बेड़े को हटा लिया. 1970 वियतनाम संघर्ष कंबोडिया तक फैलने के बाद वियतनाम युद्ध कई मोर्चा पर भड़क उठा. 1971 अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने दक्षिण, पश्चिम अफ्रीका पर दक्षिण अफ्रीकी प्रशासन को वैध ठहराया. 1990 उत्तरी ईरान में भूकंप से एक लाख से अधिक लोग मारे गए. 1991 पी.वी. नरसिम्हाराव (कांग्रेस-ई) भारत के 9वें प्रधानमंत्री बने. 1996 मद्रास के प्रधान सत्र न्यायाधीश ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की संपत्ति जांच का निर्देश दिया.

## दैनिक पंचांग

**21 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | सिंह में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मेष में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 04.51 बजे से |
| कर्क | 07.08 बजे से |
| सिंह | 09.24 बजे से |
| कन्या | 11.36 बजे से |
| तुला | 13.47 बजे से |
| वृश्चिक | 16.01 ब.से |
| धनु | 18.17 बजे से |
| मकर | 20.23 बजे से |
| कुंभ | 22.09 बजे से |
| मीन | 23.42 बजे से |
| मेष | 01.12 बजे से |
| वृष | 02.53 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 172 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 07.19 बजे तदनन्तर एकादशी 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 19.50 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 20.29 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.19 बजे, बव 17.56 बजे तदनन्तर बालव 04.28 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 26' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872382 **जूलियन दिन** 2460847.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 24 **विशेष** योगिनी एकादशी, वर्ष का सबसे बड़ा दिन, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक | |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक | |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक | |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक | |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore



## एकादशी के दिन भगवान विष्णु को चढ़ाएं अपराजिता

ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु को पुष्प अर्पित करने से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। साथ ही, सकारात्मकता का भी संचार होता है। भगवान विष्णु को अलग-अलग पुष्प चढ़ाने के भिन्न-भिन्न लाभ होते हैं।

एकादशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दिन उनकी पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है।

एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा के दौरान उन्हें कई प्रकारके फूल अर्पित किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु को पुष्प अर्पित करने से जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। साथ ही, सकारात्मकता का भी संचार होता है। भगवान विष्णु को अलग-अलग पुष्प चढ़ाने के भिन्न-भिन्न लाभ होते हैं।

एकादशी के दिन भगवान विष्णु को अपराजिता अर्पित करने के लाभ

अपराजिता का फूल धन और समृद्धि से जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि इसे भगवान विष्णु को चढ़ाने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं और घर में धन का आगमन होता है। खास तौर पर सफेद अपराजिता का फूल माता लक्ष्मी को भी बहुत प्रिय है और एकादशी पर इसे चढ़ाने से धन-धान्य की कमी नहीं होती।

अपराजिता नाम का अर्थ ही है जो कभी पराजित न हो। यह फूल नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और सकारात्मकता को आकर्षित करने में सहायक माना जाता है।

एकादशी के दिन इसे भगवान को अर्पित करने से घर से नकारात्मकता का प्रभाव समाप्त होता है और सकारात्मक ऊर्जा का वास बना रहता है।

भगवान विष्णु को अपराजिता का फूल चढ़ाने से व्यक्ति को अपने कार्यों और जीवन में आने वाली बाधाओं पर विजय प्राप्त होती है। यह मनोकामनाओं की पूर्ति में भी सहायक होता है क्योंकि भगवान विष्णु प्रसन्न होकर भक्तों की इच्छाएं पूरी करते हैं। अपराजिता के फूल का संबंध विभिन्न ग्रहों से भी होता है।

भगवान विष्णु को एकादशी के दिन अपराजिता का फूल चढ़ाने से ग्रह दोष दूर होता है। विशेष रूप से अपराजिता भगवान शिव और शनिदेव का प्रिय माना जाता है। ऐसे में इसे भगवान विष्णु को चढ़ाने से शिव जी का भी आशीर्वाद मिलता है और शनि दोष, शनि की साढ़े साती एवं शनी ढैय्या से राहत मिलती है।

एकादशी का व्रत और पूजा भगवान विष्णु के प्रति समर्पण का भाव जगाती है। अपराजिता का फूल चढ़ाकर पूजा करने से आध्यात्मिक शांति मिलती है, मन एकाग्र होता है और मोक्ष की प्राप्ति के मार्ग प्रशस्त होते हैं। यह भक्ति और साधना को और भी अधिक प्रभावी बनाता है और भगवान से हमें जोड़ता है।



## आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि कब से होगी शुरू? तिथि, महत्व और इससे जुड़े जरूरी नियम

**आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन गुप्त नवरात्रि की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। वहीं, गुप्त नवरात्रि में देवी की दस महाविद्याओं की साधना की जाती है। इस दौरान तांत्रिक, अघोरी तंत्र मंत्र और सिद्धि प्राप्त करते हैं। ऐसे में गुप्त नवरात्रि का महत्व बहुत विशेष होता है। इस दौरान देवी की साधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है। आइए विस्तार से जानें गुप्त नवरात्रि शुरू होने की तिथि, नियम और महत्व...**

आषाढ़ मास 12 जून, गुरुवार से आरंभ हो चुका है। इस महीने में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन आषाढ़ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो जाती है। पूरे वर्ष में चार नवरात्रि आती हैं, जिनमें से एक गुप्त नवरात्रि होती है। हिंदू धर्म में इन नौ दिनों का बहुत खास महत्व होता है। एक गुप्त नवरात्रि माघ में भी आती है। मान्यता है कि ये नवरात्रि सिद्धि और साधना के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। साथ ही, तंत्र मंत्र के साधक की इन दिनों में विशेष रूप से साधना रखते हैं। गुप्त नवरात्रि लोगों के बीच ज्यादा प्रचलित नहीं है, जिसके पीछे का कारण यही है कि इसमें तंत्र मंत्र के साधक ज्यादा साधना रखते हैं। माना जाता है कि इस दौरान मां दुर्गा और उनकी 10 महाविद्याओं की पूजा करने से व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति हो सकती है। ऐसे में आइए विस्तार से जानते हैं आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि शुरुआत कब से होगी और इससे जुड़े जरूरी नियम...

आषाढ़ मास गुप्त नवरात्रि 2025 तिथि

इस साल आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि 26 जून से शुरू हो रही है और इसका समापन 04 जुलाई को होगा। यानी इस बार गुप्त नवरात्रि पूरे नौ दिनों तक रहेगी। गुप्त नवरात्रि के लिए घट स्थापना का शुभ मुहूर्त ध्रुव योग और आर्द्रा नक्षत्र में रहेगा। वहीं, 3 जुलाई के दिन दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी और नवमी तिथि का समापन शाम के समय 4 बजकर 32 मिनट पर होगा। प्रतिपदा तिथि की शुरुआत- 26 जून, गुरुवार को सूर्योदय के पूर्व से ही प्रतिपदा तिथि शुरू हो जाएगी।

### आषाढ़ मास गुप्त नवरात्रि नियम

माना जाता है कि भूलकर भी गुप्त नवरात्रि में तामसिक भोजन जैसे- मांस, प्याज, लहसुन आदि का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही, इस अवधि के दौरान मदिरा से भी दूरी बनाकर रखनी चाहिए और किसी भी प्रकार के क्रोध व विवाद में नहीं पड़ना चाहिए। गुप्त नवरात्रि में बाल और नाखून काटने भी वर्जित माना जाता है। ऐसे में इन दिनों में गलती से भी ये दो कार्य नहीं करने चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को अशुभ परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। मान्यता है कि गुप्त नवरात्रि में भूलकर भी चमड़े से बनी चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। साथ ही, इससे बनी चीजों को धारण भी नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता है।

कहा जाता है नवरात्रि में दिन के समय सोना और बिस्तर पर सोना भी वर्जित होता है। खासतौर पर जो लोग नवरात्रि का व्रत रखते हैं उन्हें जमीन पर बिस्तर लगाकर सोना चाहिए। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की साधनाआषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में सामान्य लोग मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा अर्चना करते हैं। इसके अलावा, तांत्रिक, अघोरी तंत्र मंत्र और सिद्धि प्राप्त करते हैं। ये सभी देवी की दस महाविद्याओं की साधना करते हैं, जिन्हें बहुत शक्तिशाली माना जाता है। मान्यता है कि जिस व्यक्ति पर देवी की कृपा होती है, उसे किसी भी संकट का सामना नहीं करना पड़ता है। साथ ही, ऐसे लोगों के लिए दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं रहता है। देवी की दस महाविद्याएं इस प्रकार हैं- माता धूमावती देवी, माता काली देवी, माता त्रिपुरा देवी, तारा देवी, माता षोडशी देवी, माता छिन्नमस्ता देवी, भुवनेश्वरी देवी, माता बगलामुखी देवी, माता कमला देवी और माता मातंगी देवी।

## ध्रुव योग में गुप्त नवरात्रि कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

आषाढ़ गुप्त नवरात्रि इस साल 26 जून से मनाए जाएंगे। 26 जून को कलश स्थापना होगी और 4 जुलाई को नवरात्रि समाप्त होंगे। गुप्त नवरात्रि के इस मौके पर 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्रि पर ध्रुव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। ध्रुव योग योग 26 जून को शुरू होगा और अगले दिन 27 जून को सुबह 5.37 मिनट तक रहेगा। इस बार गुप्त नवरात्रि पर कलश स्थापना के लिए एक घंटा 32 मिनट का समय मिल रहा है। आपको बता दें कि गुप्त नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन कलश स्थापना होती है। आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 25 जून को शाम को 4 बजे से लग रही है और 26 जून को दोपहर 1.24 बजे तक लगेगी। उदया तिथि के अनुसार प्रतिपदा 26 को रहेगी, इसलिए गुप्त नवरात्रि 26 जून से शुरू होगें। कलश स्थापना के लिए अभीजीत मुहूर्त सुबह 10.58 मिनट से 11..53 मिनट तक रहेगा।

### कलश स्थापना मुहूर्त


कलश स्थापना नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि के दिन की जाती है, यह नवरात्रि की शुरुआत का प्रतीक है। नीचे दिए मुहूर्त में कलश स्थापना कर सकते हैं।

**मिथुन लग्न शुरू:** सुबह 4.33 बजे, 26 जून
**मिथुन लग्न समाप्त:** सुबह 6.05 बजे, 26 जून
**कलश स्थापना मुहूर्त:** सुबह 4.33 प्रात: 6.05
**अभिजीत मुहूर्त:** सुबह 10.58 बजे से सुबह 11.53 बजे तक
**ध्रुव योग:** रात 11.40 तक
**सर्वार्थ सिद्धि योग:** 26 जून को सुबह 8.46 बजे से 27 जून को सुबह 5.35 बजे तक

### गुप्त नवरात्रि का महत्व

चैत्र और शारदीय नवरात्रि के बारे में आपने सुना होगा, लेकिन आषाढ़ मास और माघ मास के नवरात्र के बारे में आप नहीं जानते होंगे। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा आध्यात्मिक साधक और तांत्रिक करते हैं। यह नवरात्रि गहन साधनाओं और अनुष्ठानों के लिए समर्पित है, जिसमें दस महाविद्याओं काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कमला की अराधना की जाती है।





## 26 जून शुरू होगी गुप्त नवरात्र? भूलकर भी न करें ये काम

**गुप्त नवरात्र का पर्व सनातन धर्म में बहुत शुभ माना जाता है जो मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और रोग-दोष दूर होते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल गुप्त नवरात्र कब शुरू होगी?**

सनातन धर्म में नवरात्र का पर्व बहुत शुभ माना जाता है। यह मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है। गुप्त नवरात्र को तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कहते हैं कि इस दौरान कठिन उपवास करने से सभी तरह के रोग-दोष दूर होते हैं।

### 26 जून से शुरू होगी गुप्त नवरात्र

हिंदू पंचांग के अनुसार, गुरुवार 25 जून को शाम 04 बजे से आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 26 जून को दोपहर 01 बजकर 24 मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए 26 जून से गुप्त नवरात्र शुरू होगी।

### गुप्त नवरात्र में इन बातों का रखें ध्यान

- इन नौ दिनों में मांसाहार, प्याज, लहसुन और अन्य तामसिक भोजन का सेवन बिल्कुल न करें।
- नवरात्र के दौरान बाल और नाखून काटने से बचें।
- चमड़े से बनी वस्तुओं जैसे बेल्ट, पर्स आदि का प्रयोग न करें।
- घर में शांति और सकारात्मक माहौल बनाए रखें।
- लड़ाई-झगड़े, बहस और अपशब्दों का प्रयोग बिल्कुल न करें।
- व्रती दिन में सोने से बचें।
- मन में किसी के प्रति बुरे विचार न लाएं।
- इन नौ दिनों में ब्रह्मचर्य का पालन करें।
- देवी की पूजा पूरे विधि-विधान से करें।
- पूजा सामग्री और विधि में किसी भी तरह की कमी न छोड़ें।
- स्त्री का अपमान भूलकर भी न करें।



## मां की 8 भुजाएं, त्रिनेत्र क्यों हैं किस चीज का देते हैं संकेत

**गुप्त नवरात्र 2025 आषाढ़ माह में 26 जून से शुरू हो रहे हैं। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। मां दुर्गा के हर रूप की अपनी विशेषता है। उनकी आठ भुजाएं हर दिशा से भक्तों की रक्षा करने का संकेत देती हैं जिनमें अलग-अलग अस्त्र और शस्त्र होते हैं।**

माघ और आषाढ़ माह में मनाए जाते हैं। इस साल अषाढ़ के गुप्त नवरात्र 26 जून से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र के 9 दिन मां के नौ रूपों की पूजा की जाती है। उन्हें अम्बे, जगदम्बे, शेरावाली, पहाड़ावाली विभिन्न नामों से पुकारा जाता है। मां दुर्गा ने ये 9 रूप अलग-अलग वजहों से लिए। हर रूप में वह भक्तों का कल्याण करती हैं। इन नौ दिनों में अखंड ज्योति जलाकर मां का ध्यान और आराधना करने से समस्त दुखों का नाश होता है। इस मौके पर चलिए जानते हैं उनके रूप में उनकी भुजाओं, त्रिनेत्र का क्या संकेत है।

### मां दुर्गा के हैं 9 रूप

नवरात्रि में हर दिन मां दुर्गा के अलग रूप की पूजा की जाती है। उनके नौ रूप नौ महाविद्याओं को दर्शते हैं। प्रथम शैलपुत्री, दूसरा ब्रह्मचारिणी, तीसरा चंद्रघंटा, चौथा कूष्मांडा, पांचवां स्कंदमाता, छठवां कात्यायनी, सातवां कालरात्रि, आठवां महागौरी और नौंवा सिद्धिदात्री का रूप उन्होंने लिया है। हर रूप एक खास गुण और शक्ति का प्रतीक है।

### शक्ति के बिना अधूरे हैं शिव

शिव और शक्ति एक-दूसरे के पूरक है। दोनों के मिलन से ही सृष्टि की रचना और संचालन होता है। शिव के बिना शक्ति निष्क्रिय हैं, और शक्ति बिना शिव के स्थिर नहीं हो सकते हैं। शिव जहां स्थिरता, ध्यान, और संहारक के रूप में जाने जाते हैं। वहीं, शक्ति, शिव की ऊर्जा है, जो ब्रह्मांड की रचना, पालन और संहार का कारण बनती हैं।

### आठ दिशाओं से करती हैं रक्षा

मां दुर्गा की मूर्तियों में 8 हाथ दिखाए जाते हैं। हर हाथ में अलग-अलग अस्त्र और शस्त्र होते हैं, जो बुराई से लड़ने के प्रतीक के रूप में दिखाए जाते हैं। मां की अष्ट भुजाएं यह संकेत देती हैं कि वह अपने भक्तों की हर दिशा से रक्षा करती हैं। वह 'त्रिनेत्रधारी' भी कही जाती हैं। उनकी बाईं आंख चंद्रमा का प्रतीक है, जो शांति और प्रेम से परिपूर्ण है। दाईं आंख सूर्य का प्रतीक जो ऊर्जा और शक्ति देती है। वहीं, तीसरी आंख अग्नि का प्रतीक है, जो बुराई को नष्ट करने वाली ताकत का प्रतीक है।

## थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस होगा महंगा, प्रीमियम में हो सकती है 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय थर्ड पार्टी मोटर बीमा के प्रीमियम बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार, बीमा प्रीमियम में औसतन 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कुछ नुकसान वाले क्षेत्रों जैसे कि कमर्शियल वाहनों के लिए यह वृद्धि अधिक हो सकती है। स्कूल बसों जैसी श्रेणियों के लिए, वृद्धि कम या बिल्कुल नहीं हो सकती है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि मंत्रालय और बीमा नियामक के बीच थर्ड पार्टी मोटर दरों को बढ़ाने के लिए बातचीत फिर से शुरू हो गई है।




बीमा कंपनियों ने सरकार और नियामक को पत्र लिखकर अप्रैल 2025 से 5 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का अनुरोध किया था। उनका कहना था कि अदालती फैसलों, तत्काल दावों के भुगतान और महामारी के दौरान दावों के गलत चक्र के कारण दबाव बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ उद्योग अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना वर्ष के आधार पर, मोटर थर्ड पार्टी सेगमेंट में लगातार नुकसान हो रहा है। इसमें बड़ी वृद्धि की आवश्यकता है।

**थर्ड पार्टी मोटर कवर अनिवार्य–** मोटर वाहन अधिनियम के तहत थर्ड पार्टी मोटर कवर अनिवार्य है। इसके प्रीमियम की दरों को हर साल पुराने दावों के आंकड़ों के आधार पर संशोधित किया जाता है। मंत्रालय को बीमा नियामक के साथ परामर्श करके थर्ड पार्टी प्रीमियम के संबंध में आधार प्रीमियम और बीमाकर्ता की देनदारी निर्धारित करने का अधिकार है।

## भारत में बनेंगे लीप इंजन के टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स; बंगलूरू में होगा निर्माण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) ने फ्रांस की इंजन निर्माता सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एचएएल भारत में लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन (लीप) इंजन के लिए महत्वपूर्ण टर्बाइन फोर्ज्ड पार्ट्स का निर्माण करेगा और सफ्रान को सप्लाई करेगा। ये पार्ट्स, एयरबस ए-320 नियो और बोइंग-737 मैक्स जैसे विमानों में इस्तेमाल होने



वाले इंजन के लिए होंगे। इस साझेदारी से भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति को बढ़ावा मिलेगा। एचएएल के बयान के अनुसार, इस समझौते को फ्रांस के ले-बॉरगेट में 55वें पेरिस एयर शो में अंतिम रूप दिया गया। समझौते पर एचएएल के एलसीए डिवीजन के महाप्रबंधक अब्दुल सलाम और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन के उपाध्यक्ष (खरीद) डोमिनिक ड्युप्यू ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों कंपनियों के बीच अक्तूबर 2023 और फरवरी 2025 में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का विस्तार है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा, यह दीर्घकालिक साझेदारी अब उन्नत चरण में पहुंच रही है। हमें लीप इंजन की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में योगदान देने पर गर्व है। वहीं, डोमिनिक ड्युप्यू ने कहा, एचएएल हमारी वैश्विक सोर्सिंग रणनीति में एक प्रमुख भागीदार बना हुआ है। यह समझौता भारत में हमारी औद्योगिक उपस्थिति, तेजी से बढ़ते नागरिक उड्डयन बाजार के लिए लीप इंजनों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

**बंगलूरू में होगा निर्माण हैदराबाद में रखरखाव केंद्र–** इस अनुबंध के तहत हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बंगलूरू स्थित अपनी अत्याधुनिक रिंग रोलिंग सुविधा में लीप इंजन के लिए फोर्ज्ड पार्ट्स बनाएगा, जिससे वैश्विक एयरलाइंस की बढ़ती मांग पूरी की जाएगी। सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।

**पावरफुल इंडियाः चीन-यूएस के बाद बिजली उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे निकला भारत**

# स्वच्छ ऊर्जा बनी भारत की बड़ी ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। बिजली उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कई कारणों से बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इनमें वाणिज्यिक एवं आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर (एसी) व अन्य घरेलू उपकरणों के इस्तेमाल में वृद्धि और उद्योगों की बढ़ती मांग शामिल है। इस मांग को पूरा करने के लिए भारत में सभी ऊर्जा स्त्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ाया गया है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली उत्पादन के इस विस्तार का प्रमुख चालक अक्षय ऊर्जा की ओर मजबूत झुकाव है, क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा और विशेष रूप से सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में भारत में गैर-जीवाश्म ऊर्जा परियोजनाओं में किए गए कुल निवेश में सौर पीवी की आधे से अधिक हिस्सेदारी रही। 2024 में भारत के बिजली क्षेत्र में किए गए कुल निवेश का 83 फीसदी हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा पहलों पर खर्च किया गया।

### निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों की बड़ी भूमिका

भारत के बिजली क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों का अहम योगदान है, जो बिजली उत्पादन (परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे से जुड़े सभी क्षेत्रों में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में पिछले दो वर्षों में गिरावट देखी गई है।

## 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन लक्ष्य पाने के लिए सृजित करनी होगी व्यापक मांग

देश में 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य को पाने के लिए व्यापक स्तर पर मांग सृजित करना महत्वपूर्ण है। बेन एंड कंपनी, उद्योग मंडल सीआईआई और रॉकी माउंटेन इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत रणनीतिक क्षेत्रों के चयन, मिश्रण, सार्वजनिक खरीद का लाभ उठाने और निर्यात अवसरों के साथ तालमेल बिठाकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। हरित हाइड्रोजन को अपनाने से जुड़े जोखिम से निपटने के लिए कच्चे माल की लागत को कम करने समेत कईउपाय करने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 तक तेल शोधन संयंत्रों से हरित हाइड्रोजन की मांग 20 लाख टन, उर्वरक क्षेत्र से 9 लाख टन और पाइप वाली प्राकृतिक गैस से एक लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यात के मोर्चे पर हरित हाइड्रोजन निर्यात आठ से 11 लाख टन के बीच उत्पन्न हो सकता है।

## 16 अरब लॉगइन हुए लीक, एपल, गूगल जैसी कंपनियों के ग्राहकों के लिए बढ़ा खतरा

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** साइबर सिक्योरिटी शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि 16 अरब लॉगइन क्रेडेंशियल चोरी हुए हैं, जिनमें पासवर्ड भी शामिल हैं। यह तकनीकी इतिहास के सबसे बड़े लीक में से एक बताया जा रहा है। इस डेटा लीक से एपल, गूगल, फेसबुक, गिटहब, टेलीग्राम आदि प्लेटफॉर्म्स की किसी भी ऑनलाइन सेवा में सेंधमारी हो सकती है। यह जानकारी ऐसे समय सामने आई है, जब कई रिपोर्ट में 18 करोड़ रिकॉर्ड वाले रहस्यमयी डेटाबेस की मौजूदगी का पता चला है, जो एक वेब सर्वर पर असुरक्षित रूप से मौजूद है। रिसर्च में पता चला है कि यह एक बहुत बड़े लीक का सिर्फ कुछ हिस्सा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शोधकर्ताओं ने 30 डेटासेट का पता लगाया है, जिसमें से प्रत्येक में 3.5 अरब रिकॉर्ड हैं। जिसमें सोशल मीडिया और वीपीएन लॉगइन के साथ ही कॉरपोरेट और डेवलेपर प्लेटफॉर्म आदि जानकारी है।



## शेयर मार्केट में लिस्ट हुआ ओसवाल पंप्स का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओसवाल पंप्स का आईपीओ शुक्रवार को शेयर बाजार में लिस्ट हो गया। लिस्टिंग पर कंपनी के शेयर 3.26 प्रतिशत प्रीमियम पर खुले। एनएसई पर शेयर 634 रुपये पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर यह 632 रुपये पर लिस्ट हुआ। इश्यू प्राइस 614 रुपये था।

ओसवाल पंप्स का आईपीओ 890 करोड़ रुपये का था। इसमें नए शेयर जारी किए गए थे। साथ ही, 497.34 करोड़ रुपये के शेयर बिक्री के लिए रखे गए थे। यह आईपीओ कुल 34.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

**किसने दिखाई ज्यादा दिलचस्पी–** क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने आईपीओ बुक कराने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। उनका हिस्सा 88.08 गुना सब्सक्राइब हुआ। नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 36.70 गुना सब्सक्राइब हुआ। रिटेल




कैटेगरी में यह 3.60 गुना रहा। आईपीओ खुलने से पहले ही एंकर निवेशकों ने 416.20 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया था।


**कैसा होगा शेयर का भविष्य–** एक्सपर्ट्स का मानना है कि कंपनी का भविष्य अच्छा है। मेहता इक्विटीज ने लिस्टिंग से पहले कहा था कि जिन निवेशकों को शेयर मिले हैं, वे इसे लंबे समय तक रखें। मेहता इक्विटीज का कहना है कि ओसवाल पंप्स के पास अलग-अलग तरह के प्रोडक्ट्स हैं। ये प्रोडक्ट्स खेती, इंडस्ट्री और घरों में पानी के लिए इस्तेमाल होते हैं।

### कैसा है कंपनी का कारोबार

ओसवाल पंप्स साल 2003 में शुरू हुई थी। यह कंपनी करनाल में है। कंपनी ने सरकारी योजनाओं के तहत 26,000 से ज्यादा सोलर पंप लगाए हैं। यह 17 देशों में अपने प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट करती है। दिसंबर 2024 में खत्म हुए नौ महीनों में कंपनी ने 1,067 करोड़ रुपये का रेवेन्यू और 216 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। इससे पता चलता है कि कंपनी अच्छा काम कर रही है।

# मोबाइल उद्योग ने पांच साल में घटाया 8 फीसदी उत्सर्जन, नेट जीरो लक्ष्य अब भी दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोबाइल उद्योग ने वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने की दिशा में अच्छा प्रयास किया है। उद्योग ने 2019 से 2023 के बीच अपने कार्बन उत्सर्जन में 8 फीसदी की कटौती की है। इस अवधि में मोबाइल कनेक्शन में 9 फीसदी और डाटा ट्रैफिक में चार गुना तक की वृद्धि हुई। हालांकि, नेट जीरो लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उद्योग को मौजूदा रफ्तार से दोगुनी तेजी से यानी 2030 तक हर साल औसतन 7.5 फीसदी की दर से कार्बन उत्सर्जन में कटौती करनी होगी।



ग्रुप स्पेशल मोबाइल एसोसिएशन (जीएसएमए) की ताजा रिपोर्ट मोबाइल नेट जीरो-2024 के मुताबिक, डाटा और कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग के बावजूद मोबाइल उद्योग के कार्बन उत्सर्जन में 4.5 फीसदी की अतिरिक्त कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह चार फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल बाजार चीन ने पहली बार 2024 में कार्बन उत्सर्जन चार फीसदी घटाया है, जबकि 2019 से 2023 के बीच इसमें 7 फीसदी की वृद्धि हुई थी।

### वैश्विक हिस्सेदारी और क्षेत्रीय प्रदर्शन

जीएसएमए की क्लाइमेट एक्शन टास्कफोर्स में अब 77 मोबाइल ऑपरेटर शामिल हैं, जिनकी वैश्विक मोबाइल कनेक्शनों में 80 फीसदी हिस्सेदारी है।

क्षेत्रीय स्तर पर यूरोप ने उत्सर्जन में 56 फीसदी, उत्तर अमेरिका ने 44 फीसदी और दक्षिण अमेरिका ने 36 फीसदी तक गिरावट दर्ज की। एशिया और अफ्रीका में भी उत्सर्जन कम करने के प्रयास बढ़ रहे हैं।

## टीडी पावर कंपनी को मिला 67 करोड़ का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीडी पावर सिस्टम के शेयरों में आज 2.5 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है। कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की वजह 67 करोड़ रुपये का काम मिलना है। कंपनी को यह काम मल्टीनेशनल कंपनी से मिला है। इसकी जानकारी टीडी पावर ने एक्सचेंज के साथ साझा किया है। कंपनी ने कहा है कि उन्हें 67 करोड़ रुपये (टैक्स सहित) का एक्सपोर्ट ऑर्डर मिला है। यह एक्सपोर्ट ऑर्डर एक मल्टीनेशनल कॉरपोरेशन से मिला है। कंपनी को जनवरी 2026 से दिसंबर 2027 के बीच इसे एक्सपोर्ट करना है।

### टीडी पावर के शेयरों में 2.5 प्रतिशत की तेजी

बीएसई में यह स्टॉक 517.05 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 2.5 प्रतिशत की तेजी के बाद 528.25 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। रिटर्न के मामले में इस कंपनी के लिए पिछला एक साल अच्छा रहा है। महज 3 महीने में ही टीडी पावर के शेयरों की कीमतों में 38 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 6 महीने में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 16 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, एक साल में टीडी पावर ने 34 प्रतिशत का रिटर्न अपने निवेशकों को दिया है।

## खत्म होने वाला है एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के आईपीओ का इंतजार

**नई दिल्ली**, एजेंसी। अगर आप एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के आईपीओ का इंतजार कर रहे हैं तो आपके लिए राहत की खबर है। दरअसल, कंपनी सितंबर में अपनी भारतीय इकाई के आईपीओ को लाने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी गर्मियों के बाद अपडेटेड वित्तीय परिणामों के साथ अपने प्रारंभिक प्रॉस्पेक्टस को फिर से दाखिल करने की योजना बना रही है। यह संभवत: चौथी तिमाही की शुरुआत में हो सकता है।

### अप्रैल में आईपीओ पर ग्रहण

बता दें कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अप्रैल में आईपीओ की प्रक्रिया को रोक दिया था। इस कंपनी ने बाजार में अस्थिरता के कारण फैसला लिया। कंपनी ने बाद में कहा कि वह बाजार की स्थितियों के आधार पर योजना पर निर्णय लेगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड के आईपीओ से 1.7 बिलियन डॉलर तक की रकम जुटाने की उम्मीद थी। तब बताया गया था कि एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने भारतीय परिचालन में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का इरादा रखती है। डीआरएचपी के अनुसार, कंपनी प्रमोटर के पास ?10 अंकित मूल्य वाले 678,772,392 इक्विटी शेयर हैं। इसमें अजय रामबल, अतुल खन्ना, गुरपिंदरजीत सिंह, कपिल मेहरा, संदीप कुमार और विशाल रस्तोगी भी शामिल हैं जिनके पास कंपनी की हिस्सेदारी है।

## प्रतिस्पर्धा के बजाय पूरक अर्थव्यवस्था वाले देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर फोकस, पीयूष गोयल का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत उन देशों के साथ व्यापार वार्ता कर रहा है, जिनके साथ उसकी सीधी प्रतिस्पर्धा नहीं है, बल्कि जिनकी अर्थव्यवस्थाएं पूरक बन सकती हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विज्ञान संग्रहालय में ब्रिटेन-भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए व्यापार समझौतों से खुलने वाले द्विपक्षीय और व्यापक वैश्विक अवसरों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, हमारा ध्यान विकसित देशों के साथ मजबूत व्यापार समझौते करने पर है। उन्होंने अपने संबोधन में ब्रिटेन-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के साथ ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ किए गए व्यापार समझौतों



का भी उल्लेख किया। गोयल ने कहा कि 15 साल पहले जब उनकी पार्टी की सरकार सत्ता में नहीं आई थी, तब भारत प्रतिस्पर्धी देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा था। उन्होंने कहा, यह वाकई में मूर्खतापूर्ण है, क्योंकि यह मेरे बाजार को मेरे प्रीतिस्पपधयों के लिए खोल रहा है, जिनमें से कई अब चीन की बी टीम बन गए हैं।

**इंडिया ग्लोबल फोरम को किया संबोधित–** इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में अपने संबोधन कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है।

**दो दिवसीय ब्रिटेन दौर पर पीयूष गोयल –** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल दो दिवसीय ब्रिटेन दौर पर हैं। वहां उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की। इसे लेकर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी और कहा कि लिसा नंदी के साथ अच्छी चर्चा हुई।

**पापा को नहीं पता था बेटा ऐसा काम करेगा...**

# सिर्फ 50,000 रुपये से बना डाला 340 करोड़ का साम्राज्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के एक छोटे से शहर सरदारशहर से ताल्लुक रखने वाले रघुनंदन सराफ ने अपने पारिवारिक फर्नीचर व्यवसाय को सफल ऑनलाइन मार्केटप्लेस इनसराफ में बदल दिया है। इस बिजनेस का टर्नओवर अब 340 करोड़ रुपये है। रघुनंदन ने डिजिटल कॉमर्स की ताकत का इस्तेमाल करके सराफ फर्नीचर को आगे बढ़ाया। यह ब्रांड 40 साल पहले एक छोटी सी वर्कशॉप और शो रूम के तौर पर शुरू हुआ था। रघुनंदन ने 2014 में सिर्फ 50,000 रुपये से इनसराफ की शुरुआत की थी। आइए, यहां रघुनंदन सराफ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

- **सिर्फ 50,000 रुपये से की शुरुआत–** रघुनंदन सराफ के पिता और चाचा ने मिलकर सराफ फर्नीचर की शुरुआत की थी। पहले वे भारत के अलग-अलग हिस्सों में फर्नीचर बेचते थे। 1998 तक उन्होंने एक्सपोर्ट करना भी शुरू कर दिया था। वे सरदारशहर की एक छोटी सी दुकान से अपना कारोबार चलाते थे। वह दुकान आज भी चल रही है। 2014 में रघुनंदन ने ऑनलाइन बिक्री शुरू करके बिजनेस को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने सिर्फ 50,000 रुपये लगाकर वेबसाइट बनाई और ऑनलाइन बिजनेस शुरू किया। शुरुआत में उन्हें कई दिक्कतें आईं। उनके पास अच्छा सामान था और वह सस्ता भी था। वेबसाइट बनने के बाद रघुनंदन ने अपनी सारी चीजें उस पर डाल दीं। वह फर्नीचर के लिए एक ऐसी वेबसाइट बनाना चाहते थे जहां सब कुछ मिल जाए।



- **पिता को नहीं था बहुत यकीन –** रघुनंदन के पिता को ऑनलाइन बिजनेस के बारे में थोड़ा शक था। लेकिन, रघुनंदन ने उन्हें बिजनेस के बारे में समझाया और बताया कि इससे कितना फायदा हो सकता है। उन्होंने यह बिजनेस सही समय और सही जगह पर शुरू किया। उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इनसराफ शीशम की लकड़ी के फर्नीचर बनाती है। उनके पास घर को सजाने और फर्नीचर का बहुत सारा सामान है। 2017 में इनसराफ ने लैंप और झूमर भी बेचना शुरू कर दिया। उसके मुख्य प्रोडक्ट फर्नीचर, लाइटिंग, रग और कालीन हैं। कंपनी लकड़ी के बेड, साइड टेबल, बार कैबिनेट, साइडबोर्ड, किचन कैबिनेट, सोफा सेट, कॉफी टेबल, डेस्क, बुकशेल्फ, बॉक्स, कंसोल, टेबल, ड्रेसर, गार्डन फर्नीचर, होम टेम्पल, मिरर, टीवी यूनिट और वार्डरोब भी बेचती है। इनसराफ ने बेंगलुरु, हैदराबाद, सूरत और दिल्ली में एक्सपीरियंस सेंटर भी खोले हैं। यहां ग्राहक फर्नीचर को देख और महसूस कर सकते हैं।
- **शुरुआत नहीं थी आसान–** रघुनंदन सराफ का सफर आसान नहीं था। सरदारशहर एक छोटा शहर होने के कारण वहां लॉजिस्टिक्स की अच्छी सुविधा नहीं थी। उन्होंने लॉजिस्टिक्स कंपनियों को वहां से काम शुरू करने के लिए मनाया। उन्हें भरोसा दिलाया कि उनका बिजनेस अच्छा चलेगा। लॉजिस्टिक्स को ठीक से चलाने में उन्हें काफी समय और मेहनत लगी। एक और मुश्किल काम था ऑनलाइन ऑर्डर, बिक्री और फर्नीचर को सुरक्षित तरीके से भेजने के लिए सही टीम बनाना। जब वेबसाइट शुरू हुई तो रघुनंदन ने लगभग 2,500 प्रोडक्ट डाले थे। अब उनकी वेबसाइट पर 6,000 से ज्यादा प्रोडक्ट हैं।

### ये है बिजनेस मॉडल

रघुनंदन अपने फर्नीचर सरदारशहर में ही बनाते हैं। सरदारशहर में उनकी फैक्ट्री, वेयरहाउस और हेड ऑफिस 2.5 लाख वर्ग फीट में है। सारे सामान सरदारशहर से ही भेजे जाते हैं। उनके चार सब-वेयरहाउस बेंगलुरु, हैदराबाद, सूरत और दिल्ली में हैं। इनसराफ दो तरह से बिजनेस करती है। पहला है डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल। इसमें वेबसाइट के जरिए सीधे ग्राहकों को फर्नीचर बेचे जाते हैं। दूसरा मॉडल है बिजनेस-टू-बिजनेस। इसमें होटल और रिसॉर्ट को फर्नीचर सप्लाई होते हैं। हयात उनके बड़े ग्राहकों में से एक है। उनका ज्यादातर बिजनेस दक्षिण भारत से आता है। इनसराफ अभी लगभग 6000 प्रोडक्ट बेचती है। रघुनंदन ने सरदारशहर के एक लोकल स्कूल में कक्षा छह तक पढ़ाई की। कक्षा सात से वह जयपुर के रयान इंटरनेशनल स्कूल चले गए। 2004 में उन्होंने वहां से 12वीं कक्षा पास की। फिर उन्होंने दिल्ली के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बीकॉम किया। 2009 में उन्होंने ग्लोबल बिजनेस ऑपरेशंस में एमबीए किया। रघुनंदन आज भी अपने परिवार के साथ सरदारशहर में रहते हैं। रघुनंदन ने इनसराफ में कर्मचारियों के लिए अच्छी पॉलिसी बनाई हैं। रघुनंदन सराफ युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि हम भी अपने जीवन में कुछ भी हासिल कर सकते हैं अगर हम कड़ी मेहनत करें और कभी हार न मानें।



विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा का बड़ा बयान, कहा-

# सितंबर में संन्यास लूंगी

- चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्वितोवा ने कहा, मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं। दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनकी योजना कुछ महीनों के अंदर संन्यास लेने की है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी को 30 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया था। क्वितोवा ने कहा, मैं एक बार फिर विंबलडन चैंपियनशिप खेलने के लिए रोमांचित हूं जहां मेरे करियर की खुशगवार यादें हैं। मैं अपना करियर न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन (अगस्त-सितंबर) में खेलकर खत्म करने की इच्छा रखती हूं।

## इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट:

# लंच ब्रेक तक भारत का स्कोर 92/2




**लीड्स, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच आज लीड्स में पहले टेस्ट की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय टीम इस दौरे की शानदार शुरुआत करने के इरादे से उतरी है। रोहित-कोहली की अनुपस्थिति में गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड की कठिन चुनौती है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन लंच तक दो विकेट गंवा दिए हैं। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और पहले विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की थी। इस साझेदारी को ब्रायडन कार्स ने केएल को आउट कर तोड़ा। राहुल के आउट होने के बाद साई सुदर्शन क्रीज पर उतरे। सुदर्शन ने इस मैच से डेब्यू किया है, लेकिन पहली पारी में वह असफल रहे और खाता खोले बिना आउट हुए। भारत ने लंच ब्रेक तक दो विकेट पर 92 रन बनाए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 74 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड के लिए अब तक कार्स और स्टोक्स ने एक-एक सफलता हासिल की है।

अच्छी शुरुआत के बाद भारत को एक रन के अंतराल पर दूसरा झटका लग गया है। पहले केएल राहुल पवेलियन लौटे और अब डेब्यू मैच खेल रहे साई सुदर्शन खाता खोले बिना आउट हुए। बेन स्टोक्स की गेंद पर सुदर्शन विकेट के पीछे कैच थमा बैठे। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में पहला झटका लगा है। यशस्वी और राहुल के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही थी और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए थे, लेकिन ब्रायन कार्स ने केएल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा और इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। राहुल अर्धशतक लगाने के करीब थी, लेकिन 78 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हो गए।

आईसीसी के अध्यक्ष ने सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त की

# दो दिग्गजों को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से सम्मानित होते देखना शानदार: जय शाह

**लीड्स, एजेंसी।** आईसीसी (इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल) के अध्यक्ष जय शाह ने भारत और इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन को एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से सम्मानित किए जाने पर खुशी व्यक्त की है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, नए डब्ल्यूटीसी चक्र के शुरू होने के साथ ही इंग्लैंड और भारत के बीच पुरुषों की टेस्ट सीरीज के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी से दो दिग्गजों को सम्मानित होते देखना शानदार है। पटौदी परिवार की निरंतर मान्यता भी उतनी ही खास है, जिसमें प्रत्येक इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज के विजेता कप्तान को दिए जाने वाले पटौदी पदक की शुरुआत की गई है।




इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने नई ट्रॉफी का अनावरण किया, जिसमें तेंदुलकर और एंडरसन दोनों की इमेज है। साथ ही दोनों दिग्गजों के हस्ताक्षर भी उकेरे गए हैं। पटौदी परिवार के नाम पर पिछली पटौदी ट्रॉफी का नाम रखा गया था। अब इसको पटौदी पदक की शुरुआत के साथ सम्मानित किया जाने की परंपरा जारी रहेगी। यह नया सम्मान सीरीज के विजेता कप्तान को दिया जाएगा। भारत के महान बल्लेबाज तेंदुलकर 200 टेस्ट मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2013 में इस प्रारूप में सबसे अधिक रन बनाकर अपने लाल गेंद के करियर का समापन किया था।

# सरकारी लाभ लेने वाले टेनिस खिलाड़ियों को अब देश के लिए खेलने से इनकार करना पड़ेगा भारी, साई वसूलेगा रकम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिये वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि वे बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करते हैं तो उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साई ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' (टीएजीजी) के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है, जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय मदद हासिल करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।



यह मामला तब चर्चा में आया जब टीएजीजी में शामिल करने के लिए खिलाड़ियों के नामों पर चर्चा की गई। साई ने अपने आदेश में टॉप्स, एनएसएफ (राष्ट्रीय खेल महासंघ) और टीएजीजी योजनाओं के अंतर्गत मदद हासिल करने वाले खिलाड़ियों से बिली जीन किंग कप, डेविस कप, एशियाई खेल और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उनकी उपलबधता और इच्छा की पुष्टि करने को कहा है।

साई के आदेश के अनुसार, 'ये टेनिस प्रतियोगिताएं राष्ट्रीय गौरव के लिए अहमियत रखती हैं, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि वित्तीय मदद हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों को अगर अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) द्वारा चुना जाता है तो वे भारत का प्रतिनिधित्व करने को प्राथमिकता दें।' इसमें कहा गया है, 'हम आपको यह भी सूचित करना चाहेंगे कि एनएसएफ द्वारा चयन की स्थिति में अगर आप बिना किसी वैध स्पष्टीकरण के इन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला करते हैं तो आज तक दी गई वित्तीय मदद लागू दिशानिर्देशों के अनुसार वसूली के अधीन होगी।' 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) की तर्ज पर जापान में 2026 एशियाई खेलों में भारत की पदक तालिका में इजाफा करने के उद्देश्य से टीएजीजी को इस साल अप्रैल में लांच किया गया था।




जॉन सीना के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी...

# जल्द रिंग में आएंगे नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जॉन सीना के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन में जॉन सीना का फेयरवेल टूर होने वाला है। सात साल बाद न्यूर्क में डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन का पहला शो होगा। जॉन सीना इस शो में आर-ट्रुथ/रॉन किलिंग्स से मुकाबला करेंगे। वह अगले हफ्ते स्मैकडाउन में भी दिखेंगे। इसके बाद सऊदी अरब में सीएम पंक के खिलाफ डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप का बचाव करेंगे। पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार मैथ्यू रेहवोल्ट का मानना है कि सामी जेन, जॉन सीना को हरा सकते हैं। यह शो समरस्लैम से एक रात पहले, 1 अगस्त को होगा। प्रूडेंशियल सेंटर न एक्स पर बताया कि वे सात साल बाद स्मैकडाउन की मेजबानी करेंगे। जॉन सीना इस शो में दिखाई देंगे। यह शो 1 अगस्त को होगा, जो समरस्लैम से पहले की रात है। प्रूडेंशियल सेंटर ने ट्वीट किया, 7 साल में पहली बार, डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन समरस्लैम से पहले न्यूर्क में वापस आ रहा है। जॉन सीना का द लास्ट टाइम इज नाउ टूर और डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े सुपरस्टार्स के साथ नॉनस्टॉप एक्शन होगा! टिकट शुक्रवार, 27 जून को सुबह 10 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# हाले ओपन टूर्नामेंट में उलटफेर वर्ल्ड नंबर-1 सिनर को 45वीं रैंक एलेक्जेंडर बब्लिक ने हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बब्लिक ने हाले ग्रास टूर्नामेंट में एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को हरा दिया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी। समर 2023 के बाद यह पहला मौका है जब सिनर को टॉप-20 से बाहर के किसी खिलाड़ी ने हराया है। सिनर ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बब्लिक को केवल छह गेम में हराया था, लेकिन इस बार बब्लिक ने शानदार प्रदर्शन किया। अब तक दोनों 6 बार एक-दूसरे का आमना-सामना कर चुके हैं। बब्लिक ने कहा, हम टेनिस खिलाड़ी हर मैच जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह जीत खास है। मैंने पहली बार नंबर एक खिलाड़ी को हराया। बब्लिक अब क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से भिड़ेंगे, जिन्होंने हंगरी के फैबियन मारोजसान को 6-2, 6-3 से हराया। वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी. वर्ल्ड के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर को 45वीं रैंकिंग वाले बब्लिक ने 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी एलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टर फाइनल में पहुंचे वर्ल्ड नंबर-3 एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को तीन सेटों में 3-6, 6-4, 7-6 (7/2) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने सोनेगो के खिलाफ अपनी पांचवीं जीत हासिल की। पहला सेट हारने के बाद ज्वेरेव ने दूसरे सेट में वापसी की और तीसरे सेट के टाईब्रेक में दबदबा बनाया। अब उनका मुकाबला इटली के फ्लावियो कोबोली से होगा। एक अन्य मैच में, अर्जेंटीना के 63वें रैंक के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को तीन घंटे के कड़े मुकाबले में 6-3, 6-7 (4/7), 7-6 (8/6) से हराया। एचेवेरी ने अंतिम सेट के टाईब्रेक में दो मैच पॉइंट बचाए और अब क्वार्टर फाइनल में रूस के करेन खाचानोव से खेलेंगे।



## टिम पेन को मिली बड़ी जिम्मेदारी, ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का हेड कोच नियुक्त किया



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस सीरीज की शुरुआत 4 जुलाई से डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज से होगी। डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए के कोचिंग समूह में टिम पेन के साथ राष्ट्रीय तेज गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के सहायक कोच स्कॉट प्रेस्टिज, और नॉर्दर्न टेरिटरी क्रिकेट के पाथवे और डेवलपमेंट कोच ट्रेंट कीप शामिल होंगे। राष्ट्रीय टीमों के सीए कार्यकारी महाप्रबंधक बेन ओलिवर ने टिम पेन के ऑस्ट्रेलिया ए के मुख्य कोच के रूप में नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि टिम पिछले दो वर्षों से राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और अब इस भूमिका में भविष्य के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को निखारने के लिए अपने पैशन और आधुनिक कोचिंग अनुभव का उपयोग करेंगे। टिम का समृद्ध खेल और कोचिंग अनुभव उभरते खिलाड़ियों को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण होगा। पेन ने 2009 और 2021 के बीच राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह ऑस्ट्रेलिया ए और एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए अपनी कोचिंग प्रतिबद्धताओं के अलावा आगामी सत्र में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को कोचिंग सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया ए पुरुष कार्यक्रम के साथ सहायक क्षमता में काम किया है और गत दिसंबर में भारत के खिलाफ पीएम इलेवन को कोचिंग दी थी। इस बीच, गैर-अनुबंधित बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन जेह को भी डार्विन में श्रीलंका के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में शामिल किया गया है।

## मेस्सी का फ्री किक पर गोल, इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन को हराया



**अटलांटा (अमेरिका), एजेंसी।** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

# मार्नस लाबुशेन पर गिरी गाज, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट से ड्रॉप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2027 के नए चक्र की शुरुआत करने जा रही है, लेकिन इस बार उनकी टीम में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं, वहीं हाल के समय में खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को भी टीम से बाहर का रास्ता दिखाया गया है। उनकी जगह जोश इंगलिस और सैम कोन्स्टास को मौका दिया गया है, जो बारबाडोस में 25 जून से शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की नई बल्लेबाजी लाइन-अप का हिस्सा होंगे।

स्टीव स्मिथ, जो ऑस्ट्रेलिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगली में लगी चोट के कारण अभी पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया, ÷स्टीव की उंगली का घाव अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। हम उन्हें एक हफ्ते और आराम दे रहे हैं और इसके बाद उनकी स्थिति का आकलन करेंगे।÷ उम्मीद है कि स्मिथ 3 जुलाई से ग्रेनाडा में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट तक वापसी कर सकते हैं।

वहीं, मार्नस लाबुशेन पिछले दो सालों से टेस्ट क्रिकेट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हाल ही में लॉर्ड्स में खेले गए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह दोनों पारियों में क्रमशः 17 और 22 रन ही बना सके। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस हार के बाद चयनकर्ताओं ने कड़ा फैसला लेते हुए उन्हें पहले टेस्ट से बाहर कर दिया। हालांकि, बेली ने लाबुशेन का हौसला बढ़ाते हुए कहा, मार्नस जब अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में होता है, तो वह इस टीम का अहम हिस्सा है। हम उनके साथ उनके खेल के उन पहलुओं पर काम करेंगे, जिनमें सुधार की जरूरत है। हमें उनकी काबिलियत पर पूरा भरोसा है।

ऑस्ट्रेलिया- वेस्टइंडीज




### ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज की टीमें

टीम इस प्रकार है: पैट कमिंस (कप्तान), सैम कोन्स्टास, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, स्टीव स्मिथ, जोश इंगलिस, ट्रैविस हेड, एलेक्स कैरी, ब्यू वेबस्टर, मिशेल स्टार्क, सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन, मैट कुह्नमैन। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम रोस्टन चेज की कप्तानी में उतरेगी। उनकी टीम में क्रेग ब्रैथवेट, मिकाइल लुई, ब्रैंडन किंग, जॉन कैंपबेल, शाई होप, टेविन इमलाच, जस्टिन ग्रीव्स, कीसी कार्टी, जोमेल वारिकन, केव्लोन एंडरसन, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, जोहान लेन, एंडरसन फिलिप और जेडन सील्स शामिल हैं।



# फिल्म रेडी में जेनेलिया को नहीं लिए जाने पर आया रिएक्शन

## सुनकर खुश हो जाएंगे भाईजान

सलमान खान और असिन की फिल्म रेडी को दोनों के करियर की सबसे अच्छी फिल्मों में से एक गिना जाता है। हालांकि कम ही लोगों को पता है कि यह फिल्म तमिल फिल्म रेडी की रीमेक थी। इस फिल्म में राम पोथिनेनी और जेनेलिया डिसूजा अहम किरदार में थे। हाल ही में सलमान खान की फिल्म रेडी में जेनेलिया डिसूजा को नहीं लिए जाने पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।

### जेनेलिया ने दिया शानदार जवाब

जेनेलिया डिसूजा से सिद्धार्थ कान्नन ने पूछा कि क्या सलमान खान की फिल्म रेडी में नहीं लिए जाने पर आपको बुरा लगा? इस पर अभिनेत्री ने कहा नहीं, अगर मुझे इसमें काम मिलता तो मुझे बहुत अच्छा लगता, यह वहां मेरी फिल्म थी। हो सकता है कि सलमान खान के साथ मेरी दूसरी फिल्म हो। आप नहीं जानते। जेनेलिया का ये रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### तेलुगु रेडी में अहम किरदार

आपको बता दें साल 2008 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म रेडी एक्शन कॉमेडी फिल्म थी। इसे श्रीनू वैतला ने निर्देशित किया था। फिल्म के निर्माता श्रवंथी रवि किशोर थे। फिल्म में राम पोथिनेनी और जेनेलिया डिसूजा के अलावा नस्सर, ब्रह्मानन्दम, सुनील, कोटा श्रीनिवास राव और जया प्रकाश रेड्डी जैसे कलाकार थे।

# कैटरीना की स्किनकेयर सीक्रेट फॉर परफेक्ट समर ग्लो पाने का राज



**अजवाइन** के जूस से लेकर कॉन्टूरिंग फेशियल मसाज तक, के ब्यूटी की संस्थापक और अभिनेत्री कैटरीना कैफ गर्मियों में चमकदार त्वचा के लिए इस स्किनकेयर रूटीन का करती हैं पालन। कैटरीना कैफ इस गर्मी में अपनी त्वचा को खुल कर सांस लेने दे रही हैं - और वह अपनी पसंदीदा ब्यूटी रूटीन के बारे में बता रही हैं जो भीतर से हाइड्रेशन और बाहर से नैचुरल ग्लो पर फोकस करती है। अभिनेत्री और एंटरप्रेन्योर अपने दिन की शुरुआत दो गिलास गर्म पानी के साथ करती हैं और उसके बाद ताजा अजवाइन का जूस पीती हैं, जिसे वह डिटॉक्स करने और त्वचा की प्राकृतिक चमक को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करती हैं। जो बात प्रशंसकों को चौंका सकती है, वह है फेस मसाज पर उनका जोर। कैटरीना बताती हैं, फेस मसाज ऑयल की कुछ बूंदें और हल्की मालिश कॉन्टूरिंग और लिफ्टिंग में वाकई मदद कर सकती है। ये एक ऐसा स्टेप है जिसे लोग अक्सर नज़रअंदाज़ करते हैं, लेकिन इसका फायदा बहुत ज़्यादा होता है। कैटरीना अपना मेकअप लुक बेहद मिनिमल रखती हैं और खासतौर पर गर्मियों में स्किन-फर्स्ट अप्रोच पर भरोसा करती हैं। उनका अल्टीमेट फेवरेट क्या है? के ब्यूटी का इल्यूमिनेटिंग प्राइमर ड्रॉप्स, जिसमें हयालुरॉनिक एसिड होता है – जो उनकी त्वचा को एक सॉफ्ट, ड्यूई ग्लो देता है। चाहे वो सेट पर हों या ऑफ-ड्यूटी, कैटरीना यह साबित करती हैं कि गर्मियों में स्किनकेयर का मतलब भारी लेयरिंग नहीं, बल्कि हल्के प्रोडक्ट्स और भीतर से हाइड्रेशन के बारे में अधिक है।

सरदार जी 3:

# रिलीज से पहले नीरू बाजवा ने शेयर की सरदार जी 3 की BTS तस्वीरें





**दिलजीत** दोसांझ और नीरू बाजवा की आगामी फिल्म सरदार जी 3 जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर दिलचस्प बीटीएस तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। पंजाबी एक्ट्रेस नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3, 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म की रिलीज से पहले आज नीरू ने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की कई तस्वीरें और बीटीएस वीडियोज शेयर किए हैं। फिल्म की इन तस्वीरों और वीडियोज पर फैंस मजेदार कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। पंजाबी अभिनेत्री नीरू बाजवा ने आज इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म सरदार जी 3 की कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, बीटीएस सरदार जी 3, 27 जून को सिनेमाघरों में, पिंकी।

### फैंस की प्रतिक्रिया

फैशन ब्लॉगर रवलीन कौर ने लिखा, हमारी खूबसूरत रानी, एक फैन ने लिखा, फिल्म के लिए शुभकामनाएं, एक और फैन ने लिखा, रानी, एक और फैन ने लिखा, सुन्दर राजकुमारी, एक और फैन ने लिखा, लाल रंग में बहुत खूबसूरत, एक और फैन ने लिखा, वह सबसे सुंदर, सबसे हॉट है और उसके कपड़े बहुत सुंदर हैं, एक और फैन ने लिखा, हमारी खूबसूरत खूबसूरत महिला

### फिल्म सरदार जी 3

हाल ही में सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ और नीरू बाजवा की अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' का टीजर रिलीज हुआ, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आया। यह एक कॉमेडी, हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में दिलजीत एक घोस्ट हंटर बने हैं। पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' का निर्देशन अमर हुंदल कर रहे हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नीरू बाजवा और मानव विज भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# हुमा कुरैशी मदुरै की यात्रा पर निकलीं



अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों मदुरै की यात्रा पर निकलीं हैं, जहां उन्होंने अपने आप को शहर की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक संस्कृति में सराबोर पाया। अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपनी मदुरै यात्रा के दौरान शहर के प्रतिष्ठित मंदिरों के दर्शन किए और दक्षिण भारतीय व्यंजनों का आनंद लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सफेद रंग की साड़ी पहने कई फोटो और वीडियो शेयर किए। पहली तस्वीर में, अभिनेत्री एक खूबसूरत सफेद साड़ी पहने हुए सीढ़ियों पर पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। दूसरी तस्वीर में केले के पत्ते पर परोसा गया पारंपरिक मदुरै भोजन दिखाया गया है, जो इस क्षेत्र के समृद्ध स्वाद को दर्शाता है। उन्होंने मंदिर में दर्शन के दौरान का एक वीडियो भी शेयर किया, साथ ही स्थानीय लोगों की तस्वीरें भी शेयर की, जो शहर में उनके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव की एक संपूर्ण झलक पेश करती हैं। इस बीच, हुमा ने हाल ही में एना डी आर्मस अभिनीत एक्शन थ्रिलर बैलेरिना की एक विशेष स्क्रीनिंग की मेजबानी करके सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला समय महिला प्रधान एक्शन कहानियों का है। काम के लिहाज से, हुमा कुरैशी राजकुमार राव के साथ मालिक में दिखाई देने वाली हैं और प्रशंसित राजनीतिक ड्रामा महारानी के चौथे सीजन की शूटिंग भी कर रही हैं, जिसमें सोहम शाह,अमित सियाल, कनी कुश्रुति और इनामुल्हक शामिल हैं। इसके अलावा, हुमा जॉली एलएलबी के तीसरे पार्ट में भी नजर आने वाली हैं, जिसमें अक्षय कुमार, अरशद वारसी, अमृता राव, सौरभ शुक्ला और अन्नू कपूर भी होंगे।


भाषा विवाद मामला:

# कमल हासन को सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत, कर्नाटक में रिलीज होगी 'ठग लाइफ'



**अभिनेता-राजनेता** कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' को कर्नाटक में रिलीज करने की राह अब साफ हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कर्नाटक सरकार को निर्देश दिए कि फिल्म की रिलीज में किसी तरह की बाधा नहीं आए और पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कर्नाटक सरकार ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा कि फिल्म की रिलीज पर कोई रोक नहीं लगाई है। सरकार ने आश्वासन दिया कि अगर फिल्म रिलीज होती है, तो पूर्ण सुरक्षा दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि कोई समूह रिलीज में व्यवधान डालता है, तो उससे सख्ती से निपटा जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा, क्या आपने धमकी देने वालों के खिलाफ पुलिस में शिकायत की? सिर्फ यह कहना कि प्रतिबंध नहीं है, काफी नहीं। भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई अंत नहीं। स्टैंड-अप कमीडियन कुछ कहता है, तोड़फोड़ होती है। हम कहां जा रहे हैं? दरअसल, 'ठग लाइफ' की रिलीज को लेकर कर्नाटक में कुछ समूहों ने विरोध किया था।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि नफरत फैलाने वाले बयानों और हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो। कोर्ट ने कहा कि यह राज्य का दायित्व है कि हिंसा करने वालों पर सख्त एक्शन लिया जाए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते कि एक बयान के कारण फिल्म रिलीज न हो, कमीडियन को शो करने से रोका जाए या किसी को कविता पढ़ने से। कर्नाटक सरकार ने कहा कि सुरक्षा देना उनका कर्तव्य है और वे ऐसा करेंगे। अभिनेता के कन्नड़ भाषा पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कमल हासन से माफी मांगने को कहा था। इसके साथ ही प्रतिबंध लगाने की धमकी भी दी थी।



## पहली आउटडोर शूटिंग में ठंड से परेशान हुई शनाया

अभिनेत्री शनाया कपूर आंखों की गुस्ताखियां फिल्म से एक्टिंग करियर में डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में विक्रांत मैसी नजर आएंगे। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक शूटिंग के दौरान का बीटीएस क्लिप साझा किया है। एक्ट्रेस शनाया कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो आंखो की गुस्ताखियां फिल्म के सीन की शूटिंग कर रही हैं। इसमें विक्रांत मैसी भी दिख रहे हैं। इस वीडियो क्लिप में अभिनेत्री को ठंड के कपड़ों में देखा जा रहा है, क्योंकि वहीं ठंड का मौसम है। साथ ही उन्हें कांपते हुए भी देखा जा सकता है, जिस कारण वह अभिनेता का हाथ पकड़ लेती है।

## अनुराग बसु के साथ पंकज त्रिपाठी की खास केमिस्ट्री, एक्टर बोले-

# उनकी और भी फिल्मों में काम करना चाहूंगा



**अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपनी आने वाली फिल्म मेट्रो...इन दिनों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने निर्देशक अनुराग बसु के साथ काम किया। बात करते हुए एक्टर ने उन्हें अपना पसंदीदा डायरेक्टर बताया।**

अनुराग बसु और फिल्म मेट्रो...इन दिनों के बारे में बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने कहा, वह एक बेहतरीन डायरेक्टर हैं। मैं कई सालों से उनके साथ काम करना चाहता था। अगर वह मुझे अपनी फिल्मों में लेते हैं, तो मैं उनके साथ और भी फिल्में करना चाहूंगा। वह मेरे पसंदीदा डायरेक्टर हैं। उनके सेट पर हम आराम से जाते हैं। हमें न तो ज्यादा तैयारी करनी पड़ती है और न ही कोई प्लानिंग होती है। उन्होंने आगे कहा, मुझे अपने तरीके से काम करना अच्छा लगता है, इसलिए मैं ज्यादा तैयारी नहीं करता। किरदार और कहानी का ढांचा पहले से तय होता है, लेकिन सीन को कैसे करना है, यह हम वहीं सेट पर तय करते हैं।

पंकज ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि यह फिल्म आज के दौर के रिश्तों को दिखाएगी। एक्टर ने कहा, यही तो मेट्रो...इन दिनों की कहानी है। यह फिल्म आज के नजरिए से प्यार और रिश्तों को दिखाती है और वह भी अलग-अलग उम्र के लोगों के बीच। अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म मेट्रो...इन दिनों आज के समय के उलझे और बदलते रिश्तों को दिखाती है। इसमें आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, फातिमा सना शेख, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता अहम किरदार में हैं। मेट्रोऽइन दिनों साल 2007 में आई मशहूर फिल्म लाइफ इन एज मेट्रो का सीक्वल है। फिल्म के गाने प्रीतम ने बनाए हैं। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अनुराग बसु और तानी बसु ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

श्रुति हासन को लेकर बोले अर्जन बाजवा-

# टैलेंट पिता से, लेकिन पहचान खुद के दम पर बनाई



**अभिनेता** अर्जन बाजवा ने वेब सीरीज बेस्टसेलर में एक्ट्रेस श्रुति हासन के साथ काम करने के अपने अनुभव को आईएएनएस से साझा किया। उन्होंने श्रुति की जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने अपने दम पर कामयाबी हासिल की है। अर्जन बाजवा ने कहा कि श्रुति ने खुद के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया और साथ ही अपना म्यूजिक टैलेंट भी दिखाया है। उनकी कामयाबी उनकी अपनी मेहनत की वजह से है। बात करते हुए अर्जन ने आगे ने कहा, श्रुति हासन के साथ काम करना मेरे लिए काफी अच्छा अनुभव रहा। वह बहुत टैलेंटेड हैं, कई भाषाएं बोल लेती हैं और तेलुगू, तमिल, हिंदी और इंग्लिश फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वह एक बेहतरीन सिंगर भी हैं। हमारे बीच अच्छी दोस्ती हो गई है। उन्होंने कहा, श्रुति को अपने पिता कमल हासन से टैलेंट मिला है, लेकिन उन्होंने अपनी पहचान खुद के दम पर बनाई है। इसके अलावा, उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी बहुत अच्छा है। बता दें कि अर्जन बाजवा ने श्रुति हासन के साथ 2022 में रिलीज हुई साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज बेस्टसेलर में काम किया था। यह वेब सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

साभार एजेंसी